दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 180
कोटद्वार रविवार
30 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

**ऋषिकेश।** लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। अब सोमवार सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत खुलेगा। शनिवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन सुबह से व्रतियों ने उपवास रखा। इस बीच उपवास के साथ ही व्रतियों ने पूजा सामग्री, फल वगैरह की खरीदारी की। शाम के समय व्रतियों ने अपने-अपने घरों में दूध, गुड़ व अरवा चावल से खीर तैयार की। गोधूली बेला पर चांद को अर्घ्य देकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया और अपने परिवारिक सदस्यों को प्रसाद का वितरण किया। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। अब व्रती रविवार को अस्तांचलगामीभगवानभास्कर को अर्घ्य देंगे और उसके बाद सोमवार को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रत पूर्ण होगा।

## पिथौरागढ़ से बागेश्वर लौटी छड़ी यात्रा

**बागेश्वर।** पिथौरागढ़ से छड़ी यात्रा लौटकर बागनाथ नगरी पहुंची। यात्रा में शामिल लोग शनिवार को यहीं विश्राम करेंगे। रविवार को यात्रा बिनसर महादेव रानीखेत के लिए रवाना होगी। यात्रा में 80 साधु शामिल हैं। जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज के नेतृत्व में छड़ी यात्रा का एक नवंबर को हरिद्वार में समापन होगा। महामंडलेश्वर बीरेंद्रनंद गिरी, महंत शिव दत्त गिरी, महंत कुश गिरी, पुष्कर राज गिरी, पशुपति गिरी, विश्वम्बर भारती, जूना अखाड़ा के महंत शंकर गिरी महाराज आदि मौजूद रहे। रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल ने बागेश्वर पहुंचकर छड़ी और बाबा बागनाथ की पूजा की।

## जम्मू पुलिस ने एक व्यक्ति से बरामद किए कारतूस

**जम्मू ,(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यहां शहर के बाहरी इलाके मीरान साहिब में व्यक्ति के पास से एके47 और एसएलआर राइफल्स के कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मीरान साहिब के इंदिरा नगर क्षेत्र के बालूल में नियमित जांच के दौरान रणबीर सिंह पुरा निवासी अजय कुमार के पास से एके-47 के तीन और एसएलआर के दो कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि फिलहाल, आरोपी को हिरासत में ले लिया गया और सशस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## एक बार फिर हादसे का शिकार हुई वंदे भारत, गाय से टकराने के बाद आगे का फ्रंट टूटा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत की सबसे सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक बार फिर हादसे का शिकार हुई है। जिसके चलते वंदे भारत के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रेन एक गाय से टकरा गई थी। जिसके बाद ट्रेन को करीब आधे घंटे के आसपास रुकना पड़ा। इस हादसे के चलते ट्रेन के आगे के हिस्से के साथ-साथ ट्रेन के इंजन को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है हालांकि इस बात की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उसके बाद उसे आगे के गंतव्य तक रवाना किया गया।

### सीएम धामी का बड़ा ऐलान

# उत्तराखंड में बदले जाएंगे गुलामी के सभी प्रतीकों के नाम



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एलान किया कि राज्य में उपनिवेशवाद यानी गुलामी के सभी प्रतीकों के नाम बदले जाएंगे। उन्होंने कहा- मैंने निर्देश दिया है कि राज्य में उपनिवेशवाद के सभी प्रतीकों का दोबारा नामकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद देश में उपनिवेशवाद के सभी प्रतीकों को बदला जा रहा है। उत्तराखंड में सड़कों और शहरों के नाम अंग्रेजों के जमाने के हैं जिनको बदला जाएगा। हमने निर्देश दिए हैं कि राज्य कि उपनिवेशवाद के सभी प्रतीकों का नाम बदल दिया जाए। सनद रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेभी अपने सूबे में कई स्थानों के नाम बदले हैं।

धामी ने शनिवार को सूरजकुंड से लौटने के बाद यह बयान दिया। बता दें कि हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के गृह मंत्रियों की बैठक आयोजित थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करने और कर्तव्य पथश का उद्घाटन करने के महीनों बाद आया है। कर्तव्य पथ को पहले राजपथ कहा जाता था। मालूम हो कि इस साल उत्तराखंड को केदारनाथ, यमुनोत्री यात्रा से 211 करोड़ रुपये की आय हुई है। धामी ने कहा- इस बार चार धाम यात्रा काफी सफल रही है। राज्य सरकार समेत यात्रा से जुड़े हर वर्ग कोभी अच्छी आमदनी हुई है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम के एमडी बंसीधर तिवारी ने शुक्रवार को बताया था कि उत्तराखंड ने इस साल केदारनाथ और यमुनोत्री यात्रा से करीब 211 करोड़ रुपये की आमदनी की है। केदारनाथ यात्रा के दौरान घोड़ों, खच्चरों और हेलीकप्टर सेवाओं से बंपर कमाई के बारे में एजेंसी से बात करते हुए बंसीधर तिवारी ने कहा- इस बार केदारनाथ और यमुनोत्री यात्रा में लगभग 211 करोड़ की आय केवल घोड़े-खच्चरों, हेलीकप्टर सेवाओं और दांडी-कंडी यात्रा किराए से हुई है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से नोट पर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर की मांग किये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तराखंड के सीएम ने कहा- केजरीवाल यह सब समाज के एक खास वर्ग के लोगों को खुश करने के लिए कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को हिमाचल प्रदेश में प्रचार करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की तरह हिमाचलभी देवभूमि है। हिमाचल प्रदेश मेंभीभारी बहुमत सेभारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

## पोस्टमार्टम के बाद गुलदार के शव को जलाया

**बागेश्वर।** तहसील के बेलंग गधेरे में मिले गुलदार के शव को वन विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम कराकर उसे जला दिया है। विभाग को शव सड़ी-गली अवस्था मिला था। विभागीय अधिकारी इसे प्रातिक मौत मान रहे हैं। गांव में गुलदार के शव मिलने से ग्रामीण जरूर दहशत में हैं। मालूम हो कि कपकोट के अक्षय ने शुक्रवार की शाम वन विभाग को बेलंग गधेरे में गुलदार के शव होने की सूचना दी। सूचना के बाद रात में ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर उसे रेंज कार्यालय ले आई। शनिवार की सुबह पशुपालन विभाग की ड. विनीता तथा ड. विजय कुमार ने गुलदार के शव का पोस्टमार्टम किया। पीएम के बाद उसके बिसरे को जांच के लिए आरबीआई बरेली भेजा जाएगा। इसके बाद वन विभाग की टीम ने रेंज कार्यालय में उसके शव को जला दिया। रेंजर एनडी पांडेय ने बताया कि मृतक गुलदार सड़ी-गली अवस्था में था। नर गुलदार की उम्र करीब छह साल होगी। उसकी मौत किसी हमले या बीमारी से नहीं हुई है।

### दिल्ली-एनसीआर में हवा खराब

## प्रबंधन आयोग ने निर्माण गतिविधियों पर लगाई रोक, लोगों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर में लागू ग्रेप की सख्ती और बढ़ा दी है। आयोग ने अपील की है कि संभव हो तो वर्क फ्रम होम करें या वायु प्रदूषण ना फैलाने वाले परिवहन साधनों का उपयोग करें।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक इस सीजन में पहली बार खतरनाक स्तर में पहुंच गया है। इसे देखते हुए प्रशासन इसे नियंत्रित करने के लिए पूरे प्रयास कर रहा है। इसी संदर्भ में आयोग ने शनिवार को ग्रेप को वर्ग दो से बढ़ाकर वर्ग तीन में कर दिया है। चुनिंदा से-वाओं को छोड़कर सभी विभागों में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आयोग ने यह निर्णय दिल्ली-एनसीआर में आने वाले जिलों की राज्य सरकारों पर छोड़ दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बीएस-3 के पेट्रोल और बीएस-4 के डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा सकती हैं।

आयोग ने अपील की है कि लोग सार्वजनिक परिवहन का या शेयर राइड का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त साइकिल का उपयोग या पैदलभी चल सकते हैं। अगर आपका कार्य प्रभावित ना हो तो आप वर्क फ्रम होमभी कर सकते हैं। ईंधन के विकल्प के लिए लकड़ी या कोयला ना जलाएं।

आयोग ने चुनिंदा विभागों को छोड़कर समूचे एनसीआर में निर्माण कार्यों पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। रेलवे स्टेशनों, मेट्रो, अस्पतालों, हवाईअड्डे आदि विभागों को इन प्रतिबंधों से बाहर रखा गया है।

## हरिद्वार में कूड़ा बीनने का काम कर रही थी आतंकी की पत्नी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिद्वार ।** पासपोर्ट और वीजा के बगैर अवैध रूप से अपने तीन बच्चों के साथ रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में रह रही एक बांग्लादेशी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

यह महिला पिछले दिनों यूपी एटीएस की टीम द्वारा हरिद्वार से गिरफ्तार आतंकी अली नूर की पत्नी है। उक्घ्त महिला हरिद्वार में कूड़ा बीनने का कार्य कर रही थी। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला और बच्चों को कोर्ट में पेश किया गया है।

पहलेभी हरिद्वार के पिरान कलियर में कई बार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार हो चुके हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस और एलआईयू की टीम उन्हें सीमा पार छोड़कर आती है। कुछ बांग्लादेशी नागरिक फिर से सीमा पार करभारत पहुंच जाते हैं।

ताजा मामला रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में सामने आया है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि एलआईयू को रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में एक बांग्लादेशी महिला के अवैध रूप से रहने की सूचना मिली थी।

जांच की गई तो पता चला कि उक्घ्त महिला आतंकी अलीनूर की पत्घ्नी है, जिसे पिछले दिनों उत्घ्तर प्रदेश एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया था।

छानबीन करने के बाद पुलिस ने महिला के तीन बच्चों सहित महिला कोभी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रहीमा पत्नी अली नूर उर्फ जावाद निवासी ग्राम हिरन थाना कोटालियारा जिला गोपालगंज बांग्लादेश बताया है।

वह यहां कूड़ा बीनने का काम कर रही थी। महिला के खिलाफ विदेशी अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला और उसके बच्चों को कोर्ट में पेश किया गया है।

## शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में विराजी बाबा केदार की डोली

**रुद्रप्रयाग।** बाबा केदार की चल विग्रह डोली अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में विराजमान हो गई। इस स्थान परभगवान केदारनाथ की शीतकाल में छह माह तक पूजा अर्चना की जाएगी। डोली के ऊखीमठ पहुंचने पर बड़ी संख्या मेंभक्तों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को गुप्तकाशी से बाबा केदार की डोली का ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ पहुंचने पर सैकड़ोंभक्तों द्वाराभोले के जयकारों के साथभव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को केदारधाम के कपाट बंद होने के बाद डोली रवाना हुई थी, जिसके बाद रामपुर और गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम के बाद तीसरे दिन ओंकारेश्वर मन्दिर में पहुंची। शनिवार को प्रातः साढ़े आठ बजे विश्वनाथ मंदिर मेंभगवान की पंचमुखीभोग मूर्ति की विशेष पूजा अर्चना करभोग लगाया गया। जिसके बाद मंदिर की परिक्रमा व विश्वनाथ मंदिर के पुजारी शशिधर लिंग द्वारा आरती करने पर नौ बजे डोली ओंकारेश्वर मन्दिर के लिए रवाना हुई।

गुप्तकाशी,भैंसारी, विद्यापीठ, जैबरी होते हुए डोली साढ़े बारह बजे ओंकारेश्वर मन्दिर में पहुंची। जहां पर मांगलिक गीतों, फूल मालाओं व अक्षत से ग्रामीणों ने डोली काभव्य स्वागत किया गया। बाबा केदारनाथ की डोली ने ओंकारेश्वर मंदिर की एक परिक्रमा की जहां पर पुजारी शिवलिंग व वागेशलिंग द्वारा कपूर आरती की गई।

भगवान कीभोगमूर्ति को ओंकारेश्वर मन्दिर के पुजारी शिवलिंग द्वारा गर्भगृह में विराजमान किया गया। दूसरी ओर गद्दी स्थल में केदारनाथ की पंचमुखी डोली पर स्थित स्वर्ण मुकुट को परम्परानुसार रावलभीमाशंकर द्वारा धारण किया गया। जहां पर वेदपाठी यशोधर सेमवाल, विश्वमोहन जमलोकी, नवीन मैठाणी, मृत्युंजय हीरेमठ द्वारा पुजारी टी गंगाधर लिंग के छह माह के निर्विघ्नतापूर्वक पूजा संकल्प के पूरा होने पर पूजा अर्चना की गई। वहीं बम बमभोले व जय बाबा केदारनाथ के जयकारों के साथ वातावरण शिवमय हो गया। मराठा रेजिमेंट के बैंड की धुनों पर श्रद्धालुओं नेभोलेनाथ का स्वागत किया। अब



शीतकाल में बाबा केदारनाथ के दर्शन श्रद्धालु ओंकारेश्वर मंदिर में करेंगे। डोली आगमन पर ओंकारेश्वर मंदिर में केदार महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंगल दलों द्वारा पौराणिक माँगलगीतों की प्रस्तुति दी गयी।

इस मौके पर केदारनाथ रावलभीमाशंकर लिंग, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, बीकेटीसी सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, वीरेन्द्र असवाल, प्रदीप बगवाड़ी, पुजारी गुरुलिंग, वागेश लिंग, शिवलिंग, पूर्व जिपंअ चंडी प्रसादभट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, रमेश चन्द्र तिवारी, राजकुमार नौटियाल, व्यापार संघ अध्यक्ष राजीवभट्ट, रघुवीर पुष्पवान, युद्धवीर पुष्पवान, विदेश चन्द्र शैव, संदीप पुष्पवान, कमल त्रिवेदी, राजकुमार तिवारी, अंकित सेमवाल, प्रकाश रावत आदि मौजूद थे।

## केदारनाथ यात्रा में महिला समूहों ने किया 48 लाख का कारोबा

**रुद्रप्रयाग।** इस बार की केदारनाथ धाम की यात्रा में जहां रिकार्ड तीर्थयात्री आए वहीं यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों नेभी जोरदार कारोबार किया है। अकेले केदारनाथ प्रसाद से 44 लाख का व्यवसाय हुआ जबकि महिला समूहों ने कुल 48 लाख का कारोबार किया। बता दें कि 6 मई को कपाट खुलने से 27 अक्टूबर कपाट बंद होने तक कुल रिकार्ड 15 लाख 63 हजार से ज्यादा यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए।

केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जिले में संचालित महिला समूहों नेभी यात्रा से बेहतर कारोबार किया। कोरोना काल के बाद इस साल महिला समूहों के व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिली।

## संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया आतंकवाद पर दिल्ली घोषणापत्र, बढ़ेगी पाकिस्तान की मुश्किलें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति की पिछले दो दिनों से देश के दो शहरों में चली बैठक के बाद शनिवार को दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के लिए जारी इस घोषणापत्र में मुख्य तौर पर नई व उभरती तकनीक को आतंकवादी संगठनों की पहुंच से बाहर रखने के लिए एक वैश्विक रणनीति बनाने का रोडमैप है।

यह रोडमैप अगर सही तरीके से हर देश लागू करते हैं तो पाकिस्तान जैसे देशों के लिए आतकंवाद को शरण देना और आतंकवादी संगठनों व आतंकवादियों को वित्तीय मदद पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। इसमें सभी सदस्य देशों से कहा गया है कि वो आतंकवादियों के सुरक्षित पनाहगाह को पहचानने में और इन्हें शरण देने वाले, वित्त सुविधा देने वाले, समर्थन करने वालों को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक सजा दिलाने में मदद करेंगे।

एक्सपर्ट का कहना है कि इसके जरिए आतंकवाद को आधिकारिक नीति के तहत मदद कर रहे पाकिस्तान को घेरने में मदद मिल सकती है। इसमें कई ऐसे बिंदू हैं, जिन्हें वैश्विक मंचों परभारत लंबे समय से उठाता रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समाज को अस्थिर करने के उद्देश्य से दुष्प्रचार, कट्टरता और षड्यंत्र फैलाने के लिए आतंकियों और आतंकवादी समूहों के टूलकिट में इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म शक्तिशाली हथियार बनते जा रहे हैं। घोषणापत्र में कहा गया है कि सभी सदस्य देशों की यह जिम्मेदारी है कि वह आतंकवादी गतिविधियों को किसीभी तरह (परोक्ष या प्रत्यक्ष) से मदद नहीं करेंगे। आतंकवादी समहूों में युवाओं को शामिल करने या उन्हें हथियारों की आपूर्ति को रोकनाभी सरकारों का दायित्व होगा। दिल्ली घोषणापत्र में यहभी कहा गया है कि सभी सदस्य देशों का यह दायित्व होगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संधियों व समझौतों को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहण करें।

दिल्ली घोषणापत्र में सभी सदस्य देशों से कहा गया है कि वो आतंकवाद को लेकर शून्य सहनशीलता का नियम अख्तियार करेंगे। इसमें हर तरह के आतंकवाद को पूरी दुनिया की शांति व सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा करार दिया गया है। इसमें यहभी स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि आतंकवाद को किसीभी धर्म, राष्ट्रीयता या किसी खास समूह के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

## गंगा में डूबे दिल्ली के दो पर्यटक

**ऋषिकेश।** मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में गंगा में नहाते समय पानी के तेज बहाव में आकर दिल्ली के दो पर्यटक डूब गए। गहरे पानी में लापता लोगों की तलाश में एसडीआरएफ की टीम ने गंगा में तलाश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। अंधेरा होने पर तलाशी अभियान बीच में ही रोकना पड़ा। जानकारी के मुताबिक शनिवार को वीकेंड पर दिल्ली से एक युवती समेत पांच युवक सैर सपाटे के लिए ाषिकेश आए थे। इन्होंने दोपहर में राफ्ट हायर कर ब्रह्मपुरी से मुनिकीरेती तक राफ्टिंग की। बताया जा रहा है कि दल में शामिल दो युवक राफ्टिंग करने के बाद लाइव जैकेट के बगैर नहाने के लिए गंगा में उतर गए। इसी बीच पानी के तेज बहाव में आकर डूबने लगे। उन्हें संकट में देख साथी बचाने का प्रयास करते इससे पहले ही दोनों पानी की गहराई में ओझल हो गए।

## सचिन पायलट को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी ?

### लेकिन गुजरात चुनाव ने कैसे अभी बचा ली गहलोत की कुर्सी!



**जयपुर, एजेंसी।** बीते दिनों मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस की कमान संभाल ली और रणनीतिभी तैयार करनी शुरू कर दी। पार्टी का नया बस बनने के बाद खड़गे के आने वाले समय में कई चुनौतियों से सामना होने की उम्मीद है, जिसमें से राजस्थान संकट एक है। उन्हें राजस्थान में लंबे समय से चल रही अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कथित लड़ाई को न सिर्फ शांत करना होगा, बल्कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुछ कड़े फैसलेभी लेने होंगे। पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद खड़गे ने पिछले दिनों सचिन पायलट से मुलाकात की, जिसके सियासी मायने निकाले जाने लगे हैं। पायलट दिल्ली पहुंचकर खड़गे से मिले और दोनों के बीच बंद कमरे में काफी देर बातचीत हुई। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच राजस्थान संकट को लेकरभी खुले तौर पर बात हुई है।

मालूम हो कि पिछले महीने राजस्थान संकट की वजह से काफी हंगामा देखने को मिला था। गहलोत और पायलट के बीच लड़ाई एक बार फिर से सामने आ गई थी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस आलाकमान राजस्थान की कमान सचिन पायलट को देना चाहता था, जिसके बाद एक लाइन का प्रस्ताव पारित करवाने के लिए खुद खड़गे और अजय माकन कोभेजा गया। हालांकि, गहलोत गुट के विधायकों के विरोध के बाद ऐसा संभव नहीं हो सका। पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद अब खड़गे की जिम्मेदारी राजस्थान संकट को दूर करने की होगी। इसी वजह से दोनों की मुलाकातभी हुई। सूत्रों की मानें तो खड़गे और पायलट की मुलाकात के दौरान होने वाले अगले विधानसभा चुनाव को लेकरभी बात हुई है। इसके अलावा, संगठन की नियुक्तियों को लेकरभी दोनों के बीच बातचीत हुई। दोनों नेताओं के बीचभले ही मुलाकात हुई हो, लेकिन एक्सपर्ट्स की मानें तो खड़गे हाल-फिलहाल में राजस्थान संकट को लेकर कोईभी फैसला नहीं करने जा रहे। दरअसल, इसके पीटे कई वजहें हैं। इसी साल के अंत तक गुजरात विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसके लिए तारीखों का ऐलान किसीभी समय हो सकता है। कांग्रेस ने गुजरात के लिए अशोक गहलोत को सीनियर अब्जर्वर नियुक्त किया है और वे गुजरात का एक के बाद एक दौरा करके पार्टी को जीत दिलवाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, राजस्थान के ही रघु शर्माभी गुजरात में पार्टी के लिए रणनीति बना रहे हैं।

# संस्कृति, संस्कार और धरोहर को बचाने के लिए मिलकर करना होगा काम : ऋतु

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने मेहलचौरी (गैरसैंण) में आयोजित चार दिवसीय लोक सांस्कृतिक एवं कृषि विकास मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर मेले में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष के मेहलचौरी पहुँचने पर मेला समिति ने पारंपरिक बाध्य यत्रों एवं फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। मेले में जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाने का काम करते है। उत्तराखंड की संस्कृति, संस्कार और धरोहर को बचाने के लिए हम सब को मिलकर काम करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में कृषि के विकास के लिए निरतंर अच्छा काम हो रहा है। अब समय आ गया है कि हम टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर कृषि को मॉडल के रूप में अपनाए। कैश क्रॉप के माध्यम से किसानों को अच्छा फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में भी सरकार निरतंर अच्छा काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विकास के लिए हमारी सरकार ने जो अभूतपूर्व कार्य किए गए है, उसे आगे गति प्रदान की जाएगी। जनभावनाओं के अनुरूप गैरसैंण का स्थाई विकास किया जा रहा है। स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रभावित होकर विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को भी बधाई दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का उद्घाटन भी किया। मेला समिति ने विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह, पहाडी उत्पादों की टोकरी व अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभार व्यक्त किया। इस दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, ब्लाक प्रमुख शशि फर्सवाण, मेला अध्यक्ष सुरेश बिष्ट, गढ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी आदि सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।



## अवैध चरस के साथ दो गिरफ्तार

उत्तरकाशी। मोरी पुलिस ने 704 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है।
नशामुक्त देव भूमि मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी के दिशा निर्देशन में नशे को जड़ से समाप्त किए जाने के लिए पुलिस का सघन चेकिंग अभियान जारी है।

इसी अभियान के क्रम में मोरी पुलिस ने थानाध्यक्ष मोहन सिंह कठैत एवं एसओजी यमुना वैली की टीम ने गत शुक्रवार देर रात को मोरी नैटवाड़ मोटर मार्ग पर निनोटी तप्पड के पास कौटिल्य पुत्र अरविंद सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी गुजराड़ा मानसिंह सहस्त्रधारा रोड और ऋषभ पुत्र गब्बर सिंह उम्र 23 वर्ष, निवासी शांति विहार फेस टू अजबपुर कला देहरादून को 404.5 व 299.5 कुल 704 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से की गई पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह मोरी के ग्रामीण क्षेत्रों से चरस खरीदकर अपने गृह जनपद देहरादून ले जा रहे थे।

# सरदार पटेल के जन्मदिन पर राष्ट्रीय एकता की शपथ लेगें अधिकारी व कार्मिक

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी ली जाएगी। इस दौरान युवा कल्याण विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय पर ओपन वर्ग के अंतर्गत 3000 मीटर दौड़/जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सभी राजकीय कार्यालयों/ उपक्रमों एवं अन्य संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में समाज के सभी वर्ग के लोगों को सम्मिलित करते हुए एकता के लिए दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से दौड़ में सम्मिलित होने हेतु विकास भवन परिसर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

दौड़ का आयोजन विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक किया जाएगा।जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी वरद जोशी ने बताया कि स्वतंत्रता एवं एकता को संरक्षित एवं सुद्दढ़ करने और समर्पण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर रविवार को प्रातः 8 बजे जनपद मुख्यालय के अंतर्गत ओपन वर्ग के अंतर्गत तीन हजार मीटर दौड/जागरुकता आयोजित की जाएगी।

# उत्कर्ष जन कल्याण सेवा समिति करेगी ईगास पर्व का सार्वजनिक आयोजन

देहरादून। चार नवंबर को दून में भी ईगास का उल्लास दिखेगा। दून में पहाड़ की लोक संस्कृति से जुड़ी सामाजिक संस्थाओं ने ईगास की तैयारियां तेज कर ली हैं। इस दौरान भैलो भी खेला जाएगा। उत्कर्ष जन कल्याण सेवा समिति चार नवंबर को गुरु नानक ग्राउंड बन्नू स्कूल रेसकोर्स में ईगास पर्व का सार्वजनिक आयोजन करेगा। शनिवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में हुई प्रेस वार्ता में अध्यक्ष राजकुमार काकड़, महासचिव गौरव खंडूरी, कोषाध्यक्ष विनय बंसल ने बताया कि इस मौके पर लोकगीत और पारंपरिक जन-जन आकर्षण का केंद्र होंगे। दून के कई लोगों को ईगास रत्न सम्मान दिया जाएगा।



## अंकिता हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर महिला एवं मानवाधिकार संगठनों के तथ्यान्वेषण दल ने हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। साथ ही आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण के चलते जांच प्रभावित हो रही है। उत्तरांचल प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में कहा कि अंकिता मर्डर केस के बाद राज्य में एसआईटी प्रभारी, राज्य महिला आयोग, डीजीपी, मुख्य सचिव, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात की। पौड़ी डीएम की भूमिका पर भी सवाल उठाए। सबूतों को नष्ट हो जाने देने का शह का आरोप लगाया। यमकेश्वर की विधायक को भी कटघरे में खड़ा किया। आरोप लगाया कि रातों-रात रिजोर्ट पर बुलडोजर चलाया गया।



## मेयर और विधायक ने चलाया जाखन में सफाई अभियान

देहरादून। नगर निगम की ओर से शनिवार को जाखन क्षेत्र में स्वच्छ वार्ड सुंदर दून अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक राजपुर रोड खजानदास भी शामिल रहे। मेयर ने समस्त वार्ड के लोगों से अपील करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करने की अपील की। अभियान में पार्षद कमल थापा, संजय नौटियाल समेत स्थानीय लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### 10 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

उत्तरकाशी। नशे के अवैध कारोबार व अन्य संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम उत्तरकाशी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ पुलिस ऐक्ट में चलानी कार्रवाई की है। जबकि डुंडा में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला के खिलाफ कुछ दिन पहले ही पुलिस ने गुंडा ऐक्ट में लगाया है।

एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में चल रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया। एसचओ कोतवाली दिनेश कुमार के नेतृत्व में उत्तरकाशी-लम्बगांव रोड पर मानपुर, किशनपुर, मैगी पॉइंट, संकूर्णा धार के आस-पास संदिग्ध स्थानों पर सघन चेकिंग की गयी। इस दौरान पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चलानी कार्रवाई की। वहीं डुंडा पुलिस ने तहसील तिराहा पर कमली देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह निवासी वीरपुर डुण्डा, थाना कोतवाली उत्तरकाशी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गया। महिला के विरुद्ध कोतवाली उत्तरकाशी पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। दिनेश कुमार ने बताया कि महिला अवैध शराब के कारोबार में लगातार संलिप्त है। पुलिस टीम मोहन लाल, धनपाल सिंह, कविता आदि थे। (एजेन्सी)

### आज होगा राज्य आंदोलनकारी मंच का सम्मेलन

नई टिहरी : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी की बैठक देवेंद्र दुमोगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 30 अक्तूबर को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा कर विचारणीय बिंदु सम्मेलन के लिए तय किए गए। इस सम्मेलन में राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रदेश के राजनीतिक-सामाजिक परिदृश्य में आंदोलनकारियों की क्या भूमिका हो सकती है। इस पर विचार किया जाएगा।

# जौनसार बावर की सड़कों पर रोडवेज बसों के संचालन की मांग की

विकासनगर। स्थानीय लोगों ने जौनसार बावर के मुख्य मार्गों समेत संपर्क मार्गों पर परिवहन निगम की बसों के संचालन की मांग की है। शनिवार को स्थानीय लोगों ने इस आशय का ज्ञापन देहरादून में परिवहन मंत्री चंदन राम दास को सौंपा। ज्ञापन सौंपने देहरादून गए भाजयुमो के जिला महामंत्री संजय तोमर ने बताया कि तीन तहसीलों में बंटे जौनसार बावर परगने की भौगोलिक परिस्थितियां भी विषम हैं। यहां की सड़कें हिमाचल प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड के कई जिलों को भी जोड़ती हैं। इसके साथ ही कई क्षेत्र अलग-अलग दिशाओं में सड़क मार्ग से जुड़े हैं। लेकिन यहां की सड़कों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन नहीं होता है, जिससे ग्रामीण प्राइवेट वाहनों (यूटिलिटी) से सफर करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। लिहाजा यूटिलिटी वाहनों से ही कृषि उपज को मंडी तक पहुंचाने के साथ ही यात्रा भी करनी पड़ती है। ऐसे में हर रोज ओवरलोडिंग की समस्या बनी रहती है। जिससे कई बार क्षेत्र में बड़ी सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की बसें संचालित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सुभाष रावत, तुलवीर चौहान, सोनू राणा, विपिन चौहान, खड़क सिंह, विवेक तोमर, निकेश, दीवान सिंह, केशू चौहान आदि शामिल रहे।



## श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्री गुरु गोविंद सिंह का ज्योति जोत दिवस

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार के तत्वावधान में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का ज्योति जोत दिवस श्रद्धा पूर्वक कथा-कीर्तन के रूप में मनाया गया। प्रातः नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई सतवंत सिंह ने आसा दी वार का शब्द सूरज किरण मिले जल का जल हुआ राम..का गायन किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने कहा कि साहिब गुरु गोविंद सिंह केवल नौ साल की उम्र मे ही गुरतागद्दी पर विराजमान हो गये थे। उन्होंने 14 युद्ध लड़े व जीत प्राप्त की। उन्होंने अमृत संचार करके जात-पात के भेदभाव को मिटाया। आपसी भाईचारे को बनाये रखने का उपदेश दिया।

# धूमधाम से मनाया जाएगा ईगास पर्वः मेयर

ऋषिकेश। ऋषिलोक वेलफेयर सोसायटी की ओर से चार नवंबर को ईगास पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोसायटी के सदस्यों ने बैठक कर ईगास की तैयारियों पर चर्चा की।

बैठक में मेयर अनिता ममगाईं ने लोकपर्व पर अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। शनिवार को आशुतोष नगर में ऋषिलोक वेलफेयर सोसायटी ने बैठक आयोजित की। बैठक में मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी द्वारा ईगास, बग्वाल पर्व को लेकर शुरू की गई मुहिम को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने आगे बढ़ाने का काम किया है। ईगास, बग्वाल उत्तराखंडवासियों के लिए एक विशेष महत्व रखता है, इसकी धूम अब पूरे प्रदेश में दिखाई देगी। तीर्थ नगरी में भी उत्तराखंडी संस्कृति के इस महापर्व की चमक दिखाई देनी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर पहाड़ की संस्कृति से जुड़े लोगों में अपार उत्साह है। आशुतोष नगर में आगामी 4 नंवबर को ईगास पर्व पर ऋषिलोक वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजन किया जाएगा। इसमें भैला खेला जायेगा। साथ ही लोक संस्कृति के वाद्ययंत्रों के साथ उत्तराखंडी व्यंजन भी कार्यक्रम का प्रमुख आर्कषण रहेंगे। कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का तीर्थ नगरी पैतृक स्थान है।

# ईगास पर सुर और संस्कृति का होगा अनूठा संगम

देहरादून। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में इस बार उत्तराखंड के लोकपर्व ईगास का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। चार नवंबर को स्कूल परिसर में लोकगायक गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी और उनकी टीम सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद देर शाम को स्कूल परिसर में परम्परागत भैला खेला जाएगा। बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा जब कि पहली बार एक साथ 3000 हजार लोग भैला खेलेंगे। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी भाग लेंगे। स्कूल प्रबंधन का प्रयास है कि चार नवम्बर को स्कूल परिसर में पहाड़ी भोजन के स्टाल भी उपलब्ध होंगे। यहां रियायती दरों पर पर्वतीय व्यंजनों का लुत्फ लिया जा सकता है।

### एसबीपीएस में निशुल्क मेडिकल कैंप

देहरादून। एसबीपीएस में तीन और चार नवंबर को गुरुग्राम के मेदांता हास्पिटल के डॉक्टरों की टीम रोगों की जांच के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगी। शिविर का आयोजन सुबह दस बजे से तीन बजे तक होगा। एसबीपीएस के एमडी विपिन बलूनी ने बताया कि शिवर में कार्डियो, चेस्ट फिजिशियन समेत कई विशेषज्ञ डाक्टर भाग लेंगे।

## दून स्कूल के छात्रों ने दी प्रेम धाम में बुजुर्गों को चिकित्सीय सहायता

देहरादून। दून स्कूल के छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के एक समूह ने शनिवार को डालनवाला के प्रेमधाम वृद्धाश्रम जाकर 33 बुजुर्गों को चिकित्सीय सहायता प्रदान करने में मदद की। दून स्कूल के इस समूह में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अपूर्व बाजपेयी, आनंद नेत्रालय के चिकित्सा कर्मचारी और दून स्कूल के तकनीकी कर्मचारी और छात्र शामिल थे। मेडिकल टीम ने बुजुर्गों से मौसम में बदलाव व इस समय भरपूर एहतियात के बारे में बताया। मौके पर प्रेम धाम से अंजलि, अनीता, अधीर मुखर्जी आदि मौजूद रहे।

# शहरी विकास मंत्री अग्रवाल ने की लोनिवि अधिकारियों संग बैठक

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में सड़क निर्माण कार्यों में लेटलतीफी तथा अधूरी जानकारी के लिए अफसरों का फटकार लगाई। उन्होंने निर्माण कार्य में विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। शनिवार को बैराज कैंप कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने लोनिवि के अधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न जगहों पर हो रहे सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी ली। सड़क निर्माण में देरी और आधी-अधूरी जानकारी देने पर फटकार लगाई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और जल संस्थान के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने को निर्देशित किया। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हफ्ते में तीन दिन सड़कों का निरीक्षण करने को कहा। जहां कार्य धीमी गति से चल रहे हैं, उनमें शीघ्रता लाने को निर्देशित किया। कहा कि जिन कार्यों का शिलान्यास हो चुका है, उनके निर्माण कार्य शुरू करवाने की बात कही। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार, सहायक अभियंता सतीश, छबीलदास सैनी आदि मौजूद रहे।



# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई से कराने की मांग दोहराई



ऋषिकेश। अंकिता हत्याकांड को लेकर इंद्रमणि बडोनी चौक पर एकत्रित हुए विभिन्न संगठनों के लोगों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। एक स्वर में हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग दोहराई। चेताया कि इस प्रकरण में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शनिवार को देहरादून रोड पर इंद्रमणि बडोनी चौक पर सांकेतिक जाम लगाकर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। धरना दे रहे लोगों ने एसआईटी की जांच पर सवाल उठाते हुए अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग को फिर से दोहराया। आंदोलनकारी राजेंद्र गैरोला ने कहा कि पहाड़ की बेटी अंकिता और उसके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में एसआईटी जांच कर रही है। इससे अभी तक हत्यारोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो सकी है। साथ ही कई खुलासे अधर में हैं। एसआईटी की जांच पर सवाल उठाते हुए धरने पर डटे लोगों ने प्रदेश सरकार से अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

## ग्रामीणों ने सिंचाई नहर की मरम्मत कराने की मांग

विकासनगर। क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रदेश के सिंचाई मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों की सैकड़ों हेक्टेयर सिंचित भूमि है। लेकिन पिछले चार माह से नहर बंद है।

जिसके कारण खेती की सिंचाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने सिंचाई नहर की मरम्मत करवाकर सिंचाई व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है। प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि कालसी क्षेत्र के हरिपुर, व्यासनहरी, बामनवाला गांवों में सिंचाई विभाग की नहर से सैकडों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है।

# संतुलित जीवनशैली से कम कर सकते हैं कैंसर के प्रभाव

देहरादून। श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कैंसर की आधुनिक जानकारियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महंत इंदिरेश अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय पंडिता और ब्रेस्ट एंड एंड्रोक्राइन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीलकमल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। .डॉ नीलकमल कुमार ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरूक होना होगा। अगर मां को बेस्ट कैंसर है तो बेटी में कैंसर होने की संभावना दोगुना बढ़ जाती है। डॉ. नीलकमल ने यह भी जानकारी दी कि समय पर ब्रेस्ट गांठ का परीक्षण किया जाए तो 95 प्रतिशत महिलाओं का पूर्णरूप से उपचार हो सकता है। डॉ. नीलकमल कुमार ने सुझाव दिया कि संतुलित जीवनशैली को अपनाकर, वेस्टन डाइड को छोड़कर, शारीरिक व्यायाम को बढ़ावा देकर और वजन नियंत्रित रखकर कैंसर के प्रभावों को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता हैं।

# कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



कोटद्वार में सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी।

## अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं करवाने का विरोध

**कोटद्वारः** अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं करवाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला दहन करते हुए जल्द सीबीआई जांच करवाने के आदेश जारी करने की मांग की है। कहा कि पूरे मामले से प्रतीत होता है कि सरकार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। जबकि, जनता लगातार मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठा रही है।

शनिवार को कार्यकर्ताओं ने मालवीय उद्यान से तहसील तिराहे तक आक्रोश रैली निकाली। इसके उपरांत उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया । वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच से इसलिए डर रही है क्योंकि उसमें पार्टी के नेता की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। साथ ही साक्ष्य मिटाने में पार्टी की ही एक विधायक भी शामिल है। प्रदेश सरकार मामले को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। चेतावनी दी कि प्रदेश सरकार मामले की सी बी आई जांच की शीघ्र सिफारिश नहीं करती तो कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन को तेज करने पर बाध्य होंगे। कार्यकर्ताओं ने कई दिन बीत जाने के बाद भी रिजार्ट में आने वाले वीआईपी का सामने नहीं आने पर भी रोष व्यक्त किया। पुतला दहन करने वालो में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित राज सिंह, प्रवेश रावत, जसवीर राणा, शकुंतला चौहान, सुनीता धस्माना, बलबीर सिंह रावत, संदीप रावत, सुनील दत्त सेमवाल, राजा आर्य, अनिल रतूड़ी, सुवेग जोशी,सूरज कांति, दिनेश थापा और अनिल रावत, गणेश नेगी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के विरोध में सड़क पर उतरे सनेह वासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** सनेह क्षेत्र में कोटद्वार बाईपास हाईवे बनाने का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया है। लोगों ने सड़क पर जुलूस निकालते हुए तहसील में

◆आबादी के बीच से निकाले जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग का किया विरोध
◆जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

एनएचएआई के खिलाफ प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने प्रशासन के माध्यम से सरकार को पत्र भेजते हुए तत्काल योजना को वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि आबादी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से कई परिवार बेघर हो जाएंगे।

शनिवार को सनेह क्षेत्र के लालपानी, नाथूपुर, बिशनपुर, जीतपुर, रतनपुर और ग्रास्टनगंज के लोग हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां से एनएचएआई विरोध संघर्ष समिति–सनेह पट्टी के बैनर तले लोग आक्रोश रैली लेकर तहसील परिसर में पहुंचे। वक्ताओं ने कहा वर्तमान में एन एच 519 पहले से ही अस्तित्व में है। एन एच को कौड़िया से सिद्धबली तक चौड़ा किया जाना चाहिए। लेकिन क्षेत्रीय शासन–प्रशासन ने जान बूझकर गांवों को उजाड़ कर बाई पास बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा कि उन्हें लालपानी, नाथूपुर, बिशनपुर, रतनपुर और ग्रास्टनगंज आदि गांवों को उजाड़ कर विकास नहीं चाहिए। इससे पहले भी कौड़िया से बालासौड़ होते हुए लालपुर–घराट तक बाई पास बनाने के लिए भी नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसे स्थानीय जनता के विरोध के कारण वापस लेना पड़ा था।

चेतावनी दी कि बाईपास का हर हाल में विरोध किया जायेगा। इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद अनिल रावत, पार्षद हरीश नेगी, पार्षद धीरज सिंह नेगी, सुशील बलूनी, सुनीता असवाल, भजन सिंह, महिंद्रपाल सिंह रावत, कुलदीप रावत, पूरण सिंह, सुशीला देवी, अुर्जन सिंह, सतेंद्र सिंह, संजना देवी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में राष्ट्रीय राजमार्ग के विरोध में प्रदर्शन करते सनेह वासी।

# हत्यारों की गिरफ्तारी को कोतवाली के चक्कर काट रहे मां-बेटे

## दो अक्टूबर को मालन नदी में पुलिस ने किया था व्यक्ति का शव बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** मालन नदी में मिले व्यक्ति के शव के मामले में बीस दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मृतक की पत्नी व बेटा कोतवाली के चक्कर काट रहे हैं। आरोप है कि मामले में पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर दिया। लेकिन, अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की।

दस अक्टूबर को भाबर क्षेत्र के अंतर्गत मालन नदी से पुलिस ने एक व्यक्ति के शव को बरामद किया था। मृतक की पहचान उमराव नगर निवासी राकेश पाल (55) के रूप में हुई थी। मामले में मृतक के पुत्र अमन पाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए एक युवती पर उनके पिता की हत्या का आरोप लगाया था। अमन का आरोप था कि उक्त युवती से उनके पिता का पैसों का लेनदेन चल रहा था। अमन की तहरीर पर

## मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जताया रोष

पुलिस ने युवती समेत दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया था। शनिवार को कोतवाली में पहुंची मृतक की पत्नी व बेटे ने पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। कहा कि अब तक पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी भी नहीं कर पाई है। नतीजा परिवार के सदस्य कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर हो गए हैं। हर बार परिवार को जांच करने की बात कही जाती है। लेकिन, धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा हे। कहा कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो परिवार आंदोलन को मजबूर होगा।

## रन फॉर यूनिटी आज

**पौड़ी** : जिला खेल कार्यालय के द्वारा रविवार 31 अक्तूबर को एकता के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि 31 अक्तूबर को एकता के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। दौड़ का आयोजन इंडोर क्रीड़ा हॉल से मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# जीत सिंह पटवाल बने समिति के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भरत महोत्सव आयोजन समिति की ओर से जीत सिंह पटवाल को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान कण्वाश्रम में होने वाले महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

शनिवार को शिब्बूनगर में समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि नवम्बर में कण्वाश्रम में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु 22 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। उक्त बैठक में आयोजन समिति 2022 के लिए अध्यक्ष पद पर जीतसिंह पटवाल, उपाध्यक्ष पी0एल0 खंतवाल, महिला उपाध्यक्ष इंदू नौटियाल, सचिव राजेन्द्र बिष्ट, रोहित बत्ता, कोषाध्यक्ष- विपिन जदली विकास देवरानी, प्रचार सचिव शशिभूषण अमोली संजय जोशी, सांस्कृतिक सचिव निशीथ माहेश्वरी व रेखा नेगी, क्रीडा सचिव सोहन भारद्वाज, देवेन्द्र बिष्ट, राकेश कंडवाल व सूरज रमोला को नियुक्त किया गया। महोत्सव संयोजक की जिम्मेदारी डी0पी0 बलूनी, दीपक कुकरेती एवं संरक्षक मंडल में शिव प्रकाश कुकरेती, सत्य प्रकाश थपलियाल, प्रकाश कोठारी, विजय माहेश्वरी, सत्य नारायण नौटियाल, शूरवीर खेतवाल को चयनित किया गया हे। स्वागत समिति में कण्वनगरी-कोटद्वार की समस्त सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों को रखा गया है।

शशिप्रभा रावत, महानन्द ध्यानी जी, रिपुदमन सिंह बिष्ट, वीना रावत, पद्मेश बुडाकोटी, चन्द्र प्रकाश नैथानी, सोम नैथानी, योगेश गिलरा, विजय नौटियाल, सिन्धु कोठारी, सोनम कोठारी, आरती कण्डवाल, वीना बलूनी, नरेश कुमार, डॉ0 अनुराग शर्मा, अविरल पंत, विजयपाल कुकरेती, प्रवेश नवानी, राजीव थपलियाल, आशा रावत, सरिता मैंदोला, शोभा रावत, मीनू खान, शशि नैनवाल, कैलाश भारद्वाज, जनार्दन बुड़ाकोटी, कुलदीप मैंदोला, जनार्दन ध्यानी, विजय लखेड़ा, सुरेन्द्र आर्य, सी0पी0 डोबरियाल को भी अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।



समिति की आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य।

## डांग क्षेत्र में 16 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही

**श्रीनगर** : श्रीनगर से सटे डांग क्षेत्र में करीब 16 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना पड़ा। लोगों ने बताया कि बिजली गुल होने से क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहा। कहा आजकल क्षेत्र में गुलदार भी सक्रिय है। अंधेरा होने से लोगों में गुलदार का भय भी बना रहा। ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि केबल जलने से यह दिक्कत आई है।श्रीनगर के डांग क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। शुक्रवार को सायं करीब सात बजे अचानक बिजली चले जाने के बाद यहां रात भर अंधेरा पसरा रहा। शनिवार सुबह को 11 बजे के करीब बिजली बहाल हो पाई। स्थानीय निवासी मनोज उनियाल ने बताया कि बिजली चले जाने से लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि अक्सर यहां रात में बिजली गुल होने के बाद आपूर्ति सुचारु करने में ऊर्जा निगम को घंटों लग जाते हैं। उन्होंने क्षेत्र में आपूर्ति सुचारू रखे जाने की मांग की। इधर एसडीओ ऊर्जा निगम सचिन सचदेवा ने बताया के केबल जलने के कारण यह दिक्कत आई। कहा समस्या का समाधान कर दिया गया है।

# महिलाओं की सुरक्षा व गंभीर अपराधों को रोकना प्राथमिकता : एसएसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जनपद पौड़ी गढ़वाल की नवनियुक्त एसएसपी श्वेता चौबे ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह इससे पूर्व चमोली जिले की एसपी थी। शासन ने पौड़ी जिले के एसएसपी यशवंत सिंह चौहान की जगह श्वेता चौबे को पौड़ी जिले की कमान सौंपी थी। श्वेता चौबे 2019 (एसएल) बैच की आईपीएस अफसर हैं। चमोली जिले के कार्यकाल के दौरान चारधाम यात्रा के सफल संचालन सहित उन्होंने जिले में बेहतर पुलिसिंग का काम किया। शनिवार को श्वेता चौबे ने बतौर एसएसपी पौड़ी का चार्ज लिया। एसएसपी ने कहा कि हर तरह की शिकायतों का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। टीम वर्क के साथ जिले में पुलिसिंग के दायित्वों को पूरा किया जाएगा। जिले में जहां यातायात संबंधी परेशानी है उसके लिए पुलिस प्लान से काम करेगी और इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

पौड़ी जिले की नवनियुक्त एसएसपी श्वेता चौबे ने जिले में लॉ एंड ऑडर की व्यवस्था को ठीक करने और फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुने जाने को अपनी प्राथमिकताओं में बताया।

कहा कि फरियादी जिस भी तरह की पुलिस से संबंधी शिकायत लाएंगे उनका निस्तारण किया जाएगा। जिले की एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि जिले में महिला अपराधों सहित गंभीर तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने का काम होगा। इसमें किसी तरह की ढिलाई नहीं होने दी जाएगी। पुलिस को विक्टिम ऑरियनटेंड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस जागरूकता अभियान भी चलाएगी, ताकि लोग साइबर ठगी के शिकार न हो। इस तरह के मामलों पर त्वरित कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। 2019 बैच की आईपीएस अफसर श्वेता चौबे की बतौर कप्तान यह दूसरी पारी है। वह इससे पूर्व एसपी सिटी नैनीताल, एसपी देहात देहरादून, सीओ और एसपी कुंभ, सहित दो साल तक देहरादून जिले की एसपी सिटी भी रही। शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच के लिए श्वेता चौबे को एसआईटी का प्रभारी भी बनाया गया था। इसके काम के लिए उनकी काफी सरहाना हुई।

# हल्दूखाता में बना ट्रेंचिंग ग्राउंड तो होगा आंदोलन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत हल्दूखाता में प्रस्तावित ट्रेंचिंग ग्राउंड का क्षेत्रीय लोगों ने विरोध करना आरंभ कर दिया है। कहा कि भाबर क्षेत्र राजा भरत की जन्म स्थली कण्वाश्रम से सटा हुआ है, ऐसे में यहां पर ट्रेंचिंग ग्राउंड किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस संबध में क्षेत्रीय निवासियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम गाड़ीघाट में खोह नदी के तट पर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड को हल्दूखाता शिफ्ट करने की तैयारी में है। कहा कि हल्दूखाता से कुछ दूरी पर मालिनी नदी और राजा भरत की जन्म स्थली कण्वाश्रम अवस्थित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2018 में कण्वाश्रम को आइकोनिक स्थल घोषित कर चुके हैं। कण्वाश्रम के विकास के लिए प्रदेश सरकार योजनाएं भी तैयार कर रही है, ऐसे में कण्वाश्रम के समीप ट्रेंचिंग ग्राउंड को उचित नहीं ठहराया जा सकता। चेतावनी दी कि हल्दूखाता में ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाया गया तो क्षेत्रीय जनता आंदोलन पर बाध्य होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में दिनेश लखेड़ा, प्रमोद रावत, गोविंद सिंह, सुरेद्र सिंह, विजय सिंह, मदन रावत, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, नवीन कुमार और जगदीश प्रसाद सहित कई लोग शामिल रहे।


# जिला अस्पताल में 13 दिन से अल्ट्रासाउंट सेवा ठप होने से मरीज परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला अस्पताल में बीते 17 अक्तूबर से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप पड़ी हुई है। जिससे स्थानीय मरीजों व यहां दूरदराज से पहुंचने वाले मरीजों को श्रीनगर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानियां गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य सेवा की लचर व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। हालांकि पुरानी मशीन से सामान्य अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं।

पौड़ी के जिला अस्पताल का संचालन पीपीपी मोड के तहत महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून द्वारा किया जा रहा है। अस्पताल में इन दिनों अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने के चलते मरीजो को परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन 30 से 50 अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं, लेकिन बीते 17 अक्तूबर से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब चल रही है। जिसके चलते मरीजो को बेहतर अल्ट्रासाउंड सेवा नहीं मिल पा रही है। मरीजो को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए श्रीनगर जाना पड़ रहा है। पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने कहा कि जिला अस्पताल पौड़ी के पीपीपी मोड में संचालन के बाद यहां स्वास्थ्य सेवाएं लचर हो चुकी हैं। स्थानीय विधायक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज भी जनता की आवाज से आवाज मिलते हुए पीपीपी मोड पर सरकार से मंथन किए जाने का निवेदन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दो सप्ताह से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप पड़ी हुई है, लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री चुप हैं। जबकि यह उनका गृह जिला है। कहा गर्भवती महिलाओं को इससे खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानियों को दूर किए जाने के लिए जल्द ही अल्ट्रासाउंड सेवा सुचारु की जाय। अस्पताल के पीआरओ प्रमोद चौहान ने बताया कि अस्पताल में दो अल्ट्रासाउंड मशीनें हैं, जिनमें से नई मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। कहा मशीन के पाट्र्स तीन से चार दिनों के भीतर ठीक हो जाएंगे। जिसके बाद सेवा सुचारु कर ली जाएगी। बताया कि पुरानी मशीन से सामान्य अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं।

# बाल भारती ने जीता फुटबाल का फाइनल



कोटद्वार में फुटबाल फाइनल जीतने के बाद खुशी बनाती टीम।

## शहीद मुकेश बिष्ट की स्मृति में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

**कोटद्वारः** शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति संस्था की ओर से आयोजित शहीद स्मृति अंतर विद्यालयी फुटबाल प्रतियोगिता बाल भारती स्कूल ने जीत ली है। फाइनल में टाई ब्रेकर में बाल भारती स्कूल ने डी ए वी को पराजित किया।

भाबर के मोटाढ़ाक स्थित मिनी स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले का आरंभ सेनि. असिस्टेंट कमांडेंट ठाकुर सिंह रावत व सेनि. कर्नल चंद्रपाल पटवाल ने किया। तत्पश्चात दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए गोल करने के प्रयास किए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिल पाई। परिणामस्वरूप मुकाबला टाई ब्रेकर में पहुंच गया जिसमें बाल भारती की टीम ने 5–4 से मुकाबला जीत लिया। दोनों टीमों को मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने ट्राफी व नकद पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बाल भारती के अद्वैत रावत को गोल्डन बूट, डी ए वी के अमन नेगी को गोल्डन ग्लव्स व पारस रावत को गोल्डन बाल से पुरस्कृत किया गया। अमित नेगी को प्लेयर आफ टूर्नामेंट और हेमंत रावत को मोस्ट प्रोमिसिंग प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान अखिलेश काला, आशीष असवाल, ऋतिक नेगी, इंद्र रावत और हिमांशु रावत ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# प्रभु राम का हुआ राजतिलक, खुशी से झूम उठी प्रजा

## ग्राम सभा झंटरी के अंतर्गत डाडामंडी में आयोजित रामलीला का हुआ समापन


**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दुगड्डा ब्लाक के झटरी ग्राम सभा अंतर्गत डाडामन्डी में आयोजित रामलीला का प्रभु राम के राजतिलक के साथ समापन हो गया है।

लीला के अंतिम दिवस पर कुंभकर्ण, मेघनाद, अहिरावण व अंत में रावण वध के उपरांत प्रभु राम का राजतिलक तक की लीला का मंचन किया गया।

अंतिम दिवस की लीला का आरंभ दिनेश नेगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पात्रों के सजीव अभिनय ने जनता को देर तक लीला में बांधे रखा। रामलीला कमेटी अध्यक्ष खुशीराम बलोदी ने स्थानीय जनता और सभी पात्रों सहित पट्टी पटवारी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत, मंच संचालक हनुमान रावत, महासचिव मनिंदर पाल और संरक्षक शशिदेव डोबरियाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



दुगड्डा ब्लाक के झटरी ग्राम सभा के अंतर्गत डाडामंडी में आयोजित रामलीला में मौजूद सदस्य।

# कार पार्किंग की वित्तीय स्वीकृति पर सीएम का जताया आभार



चम्पावत। शासन की ओर से लोहाघाट नगर पालिका में दो मल्टी स्टोरी कार पार्किंग के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर नगर पालिका कर्मचारियों और नागरिकों ने खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने सीएम धामी का आभार प्रकार किया। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि पूर्व में नगर पालिका लोहाघाट की ओर से तीन मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का शासन को प्रस्ताव भेजे गए थे। जिसमें दो पार्किंग जिसमें टीआरसी के पास 122.40 लाख और नगर पालिका के पास 291.09 लाख रुपये पार्किंग के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि गैस गोदाम के पास भी प्रस्तावित कार पार्किंग की जल्द स्वीकृति मिल जाएगी। स्वीकृति मिलने पालिका कर्मियों ने सीएम धामी, डीएम नरेन्द्र सिंह भंडारी और पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ का आभार जताया। इस मौके पर ईओ मो. इस्लाम, सभासद राज किशोर साह, भुवन बहादुर, नवीन नाथ, दीपक साह, दीपक नाथ, दीपा गोस्वामी, मीना ढेक, बीना कनौजिया, जीवन गहतोड़ी, राजू ढेक, प्रकाश उप्रेती, राजकुमार बिष्ट, ललित भट्ट,कैलाश उपाध्याय, प्रमोद, सुमित आदि मौजूद रहे।

## सीएम धामी युवा सोच के साथ आगे बढ़ रहे : शशांक

रामनगर : भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने शनिवार को रामनगर पहुंचकर प्रदेश सरकार के विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर धामी युवा सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इससे युवाओं में खासा उत्साह है। केंद्र व राज्य की सरकार मिलकर प्रदेश में विकास को गति दे रही हैं।अध्यक्ष बनने के बाद शनिवार को पहली बार रामनगर पहुंचने पर शशांक रावत का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने अपने जन्मदिन पर सबसे पहले छोई स्थित हनुमान धाम के दर्शन किए। कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात भी की। उन्होंने कहा कि पार्टी में युवाओं की फौज खड़ी है। खुद मुख्यमंत्री धामी युवा हैं और नई सोच के साथ प्रदेश के लोगों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# एसडीएम तुषार सैनी ने धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया



सितारगंज। एसडीएम तुषार सैनी ने शनिवार को धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने क्रय केंद्रों में किसानों को तय सुविधायें दिये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्रों में बिचौलियों के माध्यम से धन खरीद पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही होगी। एसडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारियों से कहा कि किसानों को टोकन उपलब्ध कराया जाये। ताकि किसान को क्रय केंद्र में इंतजार न करना पड़े। उन्होंने पारदर्शी तरीके से धान खरीद करने के निर्देश दिये।

# 565 लोगों ने लिया निशुल्क चिकित्सा का लाभ

अल्मोड़ा। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से द्वाराहाट के योगदा आश्रम में लगे चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। दिल्ली, मुंबई, नोएडा, चंडीगढ़, बरेली, आगरा आदि क्षेत्र से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हृदय , स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी, नाक, कान, गला रोग, दंत, नेत्र और दमा, श्वास के रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की। इसके अलावा ईसीजी, एक्सरे, रक्त, मूत्र और शुगर की जांच भी शिविर में की गई। आश्रम के स्वामी ललितानंद नेशिविर में मौजूद रहकर डाक्टरों और जरूरतमंदों से संवाद बनाये रखते हुए बताया कि पहले दिन 565 से ज्यादा लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करायी। उन्होंने बताया कि 17 से ज्यादा विशेषज्ञ डाक्टरों ने सेवा कार्य किया। इस दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक के छात्र–छात्राओं समेत अनुयायियों ने भी शिविर में सहयोग किया।

ये डॉक्टर रहे मौजूदः योगदा आश्रम में लगे शिविर में देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे डॉ. रविन्द्रनाथ, डॉ. दलीप कुमार, डॉ. श्रुति शर्मा, डॉ. रविन्द्र भदौरिया, डॉ. सतीश जावा, डॉ. अजय, डॉ. जयश्री, डॉ. रेनू तिवारी, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. सुषमा चौरसिया, डॉ. सुखवंत सिंह, डॉ. बिन्दिया, डॉ. गर्वित मिश्रा, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. राम विहारी आदि ने मरीजों की जांच की।

## डीएम ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अल्मोड़ा। नवीन कलक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम वंदना ने संबंधित अधिकारियों को जिन सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाना है, उसे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। शनिवार को आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर कार्य में व्यक्तिगत रूप से प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्माण खंड अल्मोड़ा व प्रांतीय खंड अल्मोड़ा तथा संबंधितों को ट्रैफिक कमिंग उपायों के कार्य में तेजी लाने और सड़क मार्ग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के किनारे अतिक्रमण किया गया है उसे तत्काल वहां से हटाया जाय।

# राजस्व विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



सितारगंज,खेत में पराली जलाने की सूचना पर राजस्व विभाग के अधिकारियों ने साधु नगर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कई काश्तकारों के खेतों में पराली जलाने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को भेज दी है। ग्राम साधुनगर के खेतों में पराली जलाने की सूचना पर राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान खाता संख्या 94 के खेत नंबर 512 रकबा 1.049 हेक्टर मध्य रकवा 0.256 हेक्टर में घनश्याम सिंह द्वारा खेत में पुराली जलाने की पुष्टि हुई। इसके साथ ही रामनरेश पुत्र मोहन सिंह और अर्जुन सिंह पुत्र चंपा सिंह के खेत में भी पराली जलाने की अधिकारियों ने तस्दीक की। उप जिलाधिकारी ने खेतों में प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाने के मामले में काश्तकारों को नोटिस भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।(एजेन्सी)

# वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया



सितारगंज( उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के द्वारा बैकुंठपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।उधमसिंह नगर से आए बैंक के अधिकारी जीवन राम आर्या ने ग्रामीण महिलाओं और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डिजिटल बैंकिग सेवा के बारे में बताया। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक देवनगर शक्ति फार्म के श्रीमती जी सोशल सिक्योरिटी सर्विस के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करा-ई।शाखा प्रबंधक देवनगर ने अटल पेंशन योजना ,प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध करवाई,बैंक में खाता खोलने संबंधी जरूरी दस्तावेजों की जानकारी दी।उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के सभी बैंक मित्र ने भी लोगो को बैकिग से जुड़े आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान बंगाली कल्याण समिति शक्तिफार्म के अध्यक्ष राम चंद्र राय,ग्राम प्रधान बिरेंची बाईंन ,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अजय कुमार ,रविन्द्र सिंह, जोगमाया,नमिता,ममता, कालू, प्रकाश , सनातन राय, विश्वजीत मिस्त्री, दीनबंधु, जगदीश सरकार,आदि लोग मौजूद थे।(एजेन्सी)

## पालिकाध्यक्ष पर दर्ज मुकदमें निष्पक्ष जांच कराने की मांग की

सितारगंज : नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट हरीश दुबे के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होने से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को मांग पत्र भेजा।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एडवोकेट हरीश दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध राजनीतिक दबाव में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बिना दबाब के निष्पक्ष जांच की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि किसी दबाब में आरोप पत्र दाखिल किया तो न्यायालय में विधिक रूप से इसका विरोध करने के साथ सामाजिक तौर पर भी इसका विरोध किया जाएगा। (एजेन्सी)

# अवैध शराब संग एक गिरफ्तार



चम्पावत। बनबसा–ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया की ग्राम आनंदपुर जाने वाले रास्ते पर आरोपी टिंकू सक्सेना पुत्र मेवा राम सक्सेना निवासी वार्ड नंबर 5 मीना बाजार के पास से 56 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट मे मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम मे कास्टेबल सूर्य प्रकार ओर सुरेंद्र कुमार शामिल थे। (एजेन्सी)

# गदरपुर पुलिस ने पकड़ी तीन शराब की भट्टियां ,600 लीटर शराब बरामद




रुद्रपुर। गदरपुर पुलिस ने ग्राम मोतियापुर में नदी किनारे छापा माकर तीन शराब की भट्टियां पकड़ी। यहां पर करीब 610 लीटर कच्ची शराब भी बरामद हुई। पुलिस को देख तीन आरोपी भाग निकले, जबकि दो लोगों को पकड़ने में कामयाबी मिल गई।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जानकारी देते हुए सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मोतियापुरा में नदी के किनारे छापा मार कर अवैध कच्ची शराब की भट्टियां पकड़ी।

मौके से ग्राम मोतियापुरा निवासी कमल सिंह और कुलवंत सिंह को दबोच लिया गया, जबकि उनके साथी ग्राम मोतियापुरा निवासी काला सिंह, मलूक सिंह व बलवंत सिंह मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए। मौके से करीब 610 लीटर कच्ची शराब, तीन भट्टियों सहित भारी संख्या में शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए। मौके पर करीब पांच हजार लीटर लाहन को नष्ट किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। टीम में एसओ राजेश पाण्डेय, एसआई ओमप्रकाश, सिपाही गोरखनाथ, बलवंत सिंह, कैलाश चंद, मोहन बोरा, रविंद्र सिंह, दर्शन सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, ज्योति कपकोटी, ललिता कोरंगा, होमगार्ड शुभम यादव, दानिश अली, राजेंद्र पाल, सन्नी, शाहिद अली एवं सुच्चा सिंह थे।(एजेन्सी)

## दो नायक निलंबित, चार सफाई कर्मी बर्खास्त

हल्द्वानी। नैनीताल रोड में निरीक्षण के दौरान शनिवार को मंडल आयुक्त दीपक रावत ने पार्कों का भी जायजा लिया। पार्कों में गंदगी का अंबार देख मंडल आयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद हरकत में आए निगम प्रशासन ने पार्कों को साफ करवाया। वहीं सफाई में बरती गई लापरवाही को देखते हुए नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने संबंधित क्षेत्र में लगाए गए कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने संबंधित क्षेत्र के चार सफाई कर्मियों को बर्खास्त करने के साथ दो सफाई नायकों को निलंबित कर दिया है। डॉ. कांडपाल ने बताया कि बर्खास्त किए गए कर्मी स्वच्छता समिति के तहत रखे गए थे।(एजेन्सी)

# देसी घी का सैंपल फेल, मुकदमा दर्ज



हल्द्वानी। रामनगर से पिछले साल लिया गया देसी घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में फेल हो गया। देसी घी असुरक्षित होने के साथ ही अधोमानक पाया गया। जांच रिपोर्ट के बाद खाद्य सरंक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मुख्यालय ने डेयरी संचालक पर केस दायर करने की मंजूरी दी। इस पर शुक्रवार को जिला स्तरीय अधिकारियों ने सीजेएम कोर्ट में डेयरी संचालक के खिलाफ चार्टशीट दाखिल करवा दी है। जिला अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि रामनगर के खताड़ी क्षेत्र से नवम्बर 2021 को देसी घी का सैंपल लिया गया था। फरवरी में लैब से घी की जांच रिपोर्ट मिली थी। घी असुरक्षित और अधोमानक मानक मिला था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने से पहले संबंधित डेयरी संचालक को अपील करने का मौका दिया गया था। लेकिन जब विभागीय टीम नोटिस देने रामनगर की संबंधित डेयरी में पहुंची तो संचालक गायब मिला। उसके बाद भी अपील न होने पर कानूनी कार्रवाई की मंजूरी को फाइल देहरादून मुख्यालय भेजी गई थी। (एजेन्सी)

# भाकियू ने भेजा सीएम को छह सूत्रीय मांग पत्र



काशीपुर। भारतीय किसान यूनियन ने पटवारियों की हड़ताल को समाप्त करने समेत छह सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में किसान तहसील में एकत्र हुए। किसानों ने सीएम को छह सूत्रीय ज्ञापन भेजकर कहा कि पटवारियों की चल रही हड़ताल से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के कारण बच्चों के जाति, स्थाई प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट नहीं लग पा रही है। किसानों की भूमि जो बिक चुकी है वह पटवारी की हड़ताल के कारण दाखिल खारिज नहीं हो रही है। किसानों ने सीएम से पटवारियों की हड़ताल को जल्द ही समाप्त करवाने की मांग की। (एजेन्सी)

## बाल रोग विशेषज्ञ के तबादले से लोगों में आक्रोश

नैनीताल : भवाली। नगर के सीएचसी में लंबे समय बाद बाल रोग विशेषज्ञ को तैनात किया गया था।

40 से 50 गांव के बच्चों को इसका लाभ मिल रहा था। लेकिन तीन माह में ही उनका तबादला कर दिया गया। जिससे क्षेत्र की जनता में नाराजगी बनी है। 26 जुलाई को डॉ. दर्शना गैड़ा को सीएचसी में बाल रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनाती दी गई थी। 28 अक्तूबर को तीन माह बाद उन्हें पौड़ी भेज दिया गया। जिससे क्षेत्र की जनता व जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बना है। लोगों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने विधायक को ज्ञापन देते हुए बाल रोग विशेषज्ञ के तबादले को निरस्त करने की मांग की है। (एजेन्सी)

# चम्पावत में हुआ छड़ी यात्रा का जोरदार स्वागत



चम्पावत। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी कुमायूं भ्रमण के दौरान टनकपुर से चंपावत के लिए रवाना हुई। चंपावत पहुंचने पर पवित्र छड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रकाश तिवारी के संस्थान पहुंची, जहां प्रकाश तिवारी ने पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और साधु–संतों को जलपान कराया। इसके बाद पवित्र छड़ी न्याय के देवता गोलज्यू महाराज के मंदिर पहुंची और पूजा अर्चना के बाद हिंगलाज देवी के मंदिर पूजा अर्चना के लिए ले जायी गयी। मंदिर के गादीपति श्रीमहंत अशोक गिरी तथा पल्सों गांव के ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करके पवित्र छड़ी तथा साधु संतों का स्वागत किया। श्रीमहंत अशोक गिरी ने गर्भ गृह में ले जाकर पवित्र छड़ी का पूजन किया और यात्रा की सफलता की कामना की। इसके बाद छडी यात्रा ने पिथौरागढ के लिए प्रस्थान किया।(एजेन्सी)

## ऊर्जा निगम ने भेजे बकायेदार सरकारी विभागों को नोटिस

चम्पावत। ऊर्जा निगम ने बकायेदार सरकारी विभागों से वसूली अभियान शुरू कर दिया है। इस संबंध में यूपीसीएल ने कर्जदार विभागों को पहला नोटिस भेज दिया है। ऊर्जा निगम का जिले के 44 विभागों पर ढ़ाई करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। शीघ्र ही निजी कनेक्शनधारियों को भी नोटिस भेजना शुरू किया जाएगा। ऊर्जा निगम ने बकायेदार सरकारी विभागों से वसूली अभियान तेज कर दिया है। (एजेन्सी)

# युवा ही स्वच्छता की अलख को जला सकते है : कठैत




**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में शनिवार को विकासखंड पाबौ के राजकीय इंटर कालेज पाबौ परिसर से सिमखेत तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पाबौ टीसी रावत द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। उन्होंने युवाओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि प्लास्टिक कूड़े का निस्तारण गड्ढों व कूड़ेदान के माध्यम से किया जाना आवश्यक है।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक का कचरा पशुओं के लिए हानिकारक है, जिससे पशुओं की असमय मृत्यु हो जाती है। कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति ध्यान देना चाहिए तथा उसके लिए समय–समय पर साफ-सफाई के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। जिससे विभिन्न स्थलों पर फैली गंदगी साफ हो सकेगी। वहीं प्रधानाचार्य अमित कठैत ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता का उद्देश्य युवाओं को गांव–गांव तक पहुंचाना है। कहा कि युवा ही स्वच्छता की अलख को जला सकते हैं। इस दौरान युवाओं द्वारा लगभग 400 किलो प्लास्टिक का कचरा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को खंड विकास अधिकारी द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पाबौ हरेन्द्र कोली, राइका पाबौ के सहायक अध्यापक प्रवेन्द्र सिंह सहित आशीष बिष्ट, कमला प्रसाद, रुपेण कुमार, विपिन नौटियाल, दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

## जनता से की स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : माननीय उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार के निर्देशन में जिला प्रशासन लगातार स्वच्छता अभियान चला रहा है। जिले में स्वच्छता अभियान को और मजबूती से लागू करने में अब आमजन भी अपना सहयोग दें सकते हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने आमजन का अभियान में सक्रियता से प्रतिभाग सुनिश्चित करने के लिए एक ईमेल आईडी जारी की है।

ईमेल पर आमजन फोटो अपलोड कर संबंधित नगर निकायों, वन क्षेत्र, ग्राम सभा या किसी भी क्षेत्र में कचरा साफ न होने की शिकायत कर सकते हैं। शिकायतकर्ता को अपना नाम–पता और मोबाइल नंबर भी देना होगा, ताकि उनसे फीडबैक लिया जा सके।

# स्कूलों की मरम्मत के लिए दो करोड़ स्वीकृत

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : श्रीनगर विधानसभा के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों की मरम्मत हेतु प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दो करोड़ की धनराशि शिक्षा विभाग को स्वीकृत की है। शिक्षा विभाग को जल्द बजट के अनुरूप स्कूलों के मरम्मत के निर्देश दिये हैं। ताकि स्कूली छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतें स्कूल में ना हो सके। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने कहा कि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा अलग-अलग स्कूलों की मरम्मत आदि के कार्य हेतु दो करोड़ के लगभग धनराशि स्वीकृत की है। ताकि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बैठने की दिक्कत ना हो और छात्रों की संख्या में स्कूलों में किसी तरह से कमी ना रहे। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ स्कूलों में भवन सहित सभी सुविधाओं का होना भी जरूरी है। इसको देखते हुए शिक्षा मंत्री द्वारा क्षेत्रीय लोगों की मांग पर दो करोड़ की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू में भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला हेतु 18 लाख 80 हजार रुपये राइंका दिखोल्यूं के लिए 9 लाख 80 हजार, उमावि उल्ली में विज्ञान प्रयोगशाला हेतु 18 लाख 80 हजार, राइंका चोपड़ा के मरम्मत कार्य हेतु 7 लाख 32 हजार रुपये, राइंका मासों थलीसैण में शौचालय के निर्माण कार्य हेतु 11 लाख 25 हजार रुपये, राउमा विद्यालय अताखोली में छात्र-छात्राओं के शौचालय निर्माण कार्य हेतु 7 लाख 94 हजार रुपये, राइंका मौजखाल हेतु 7 लाख 30 हजार रुपये, राइंका बुंगीधार में मरम्मत कार्य हेतु 50 लाख रुपये, राइंका हिवालीधार के लिए 40 लाख रुपए,राइंका जगतेश्वर चिपलघाट और राबाइंका पाबों के मरम्मत कार्य हेतु भी धनराशि स्वीकृत की गई है। कहा कि उक्त कार्य जल्द शुरू कर दिया जायेगा।

## आज अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

रुड़की। सूर्य उपासना के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना हुआ। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। लोक आस्था के इस पर्व को मनाने के लिए श्रद्धालुओं ने जरूरी खरीदारी की। आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। नहाय–खाय के साथ शुक्रवार को चार दिन चलने वाले छठ महापर्व की शुरूआत हुई थी।

## परशुराम–लक्ष्मण का संवाद रहा आकर्षण का केंद्र

रूद्रप्रयाग : श्री शिव शक्ति संस्कृति एवं सांस्कृतिक ट्रस्ट रुद्रप्रयाग द्वारा मुख्यालय में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

बीते सालों की तरह रामलीला में शुक्रवार रात्रि राम-सीता विवाह का मंचन किया गया। इस दौरान परशुराम और लक्ष्मण का संवाद आकर्षण का केंद्र रहा।

पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड के बीच रामलीला मंचन का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्यालय स्थित न्यू बस अड्डे में आयोजित रामलीला में शुक्रवार को राजा जनक द्वारा शिव के विशाल धनुष को तोड़ने की प्रतिज्ञा करना और इसके बाद देश-विदेश के राजाओं का धुनष तोड़ने का मंचन दिखाया गया। साथ ही परशुराम और लक्ष्मण संवाद का मंचन किया। इस भव्य और सुदंर आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में दर्शकों पांडाल में पहुंचे। पहले राजा जनक द्वारा शिव धनुष के तोड़ने पर उससे अपनी बेटी सीता के विवाह करने की घोषणा मंत्री द्वारा पूरे देश विदेश में फैलाई। इसके बाद राजा जनक के निमंत्रण पर बड़ी संख्या में राजा जनक दरबार में पहुंचे। राम, लक्ष्मण भी अपने गुरु के साथ इस आयोजन में पहुंचे। भगवान राम द्वारा शिव धनुष का खंडन कर सीता से विवाह रचा गया। इसके बाद जैसे ही परशुराम को इस बात की भनक लगी तो वह सीधे जनक के दरवार में पहुंचे। इस बीच उन्होंने जनक और लक्ष्मण से संवाद किया। परशुराम लक्ष्मण संवाद की दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। इस मौके पर रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य विजय कप्रवान, चन्द्रमोहन सेमवाल, हरि बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, कुलदीप कप्रवान आदि ने नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में रामलीला देखने नए बस अड्डे पहुंचने का आह्वान किया है। (एजेन्सी)

## मतदान के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लिया

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जनपद में मतदान एवं निर्वाचन के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए निर्वाचन कार्यालय की ओर से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार को विधानसभा क्षेत्र 7–केदारनाथ के अंतर्गत दुर्गाधार, चोपता में ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।अपर जिलाधिकारी/उप निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि अर्थ एवं संख्या निदेशालय, देहरादून से भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि गोपाल गुप्ता एवं संदीप पांडे ने ग्रामीणों को 'ज्ञान दृष्टिकोण और अभ्यास की जानकारी' को देते हुए मतदान के संबंध में ग्रामीणों का फीडबैक लिया। साथ ही ईवीएम/वीवीपैड से चुनाव करवाने एवं पोलिंग स्टेशन की स्थिति, निर्वाचन जागरुकता समेत अन्य विषयों पर उनसे चर्चा की।

## शिविर में लोगों की दी कानूनी जानकारी

नई टिहरी : राजकीय इंटर कालेज चाका में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व सिविल जज सीनियर डिवीजन ममता पंत ने शिविर में लोगों को विभिन्न प्रकार के कानूनों से सम्बंधित जानकारी दी।

अधिवक्ता राजपाल मिंया ने मोटर अधिनियम तथा नाबालिग से संबंधितकानूनों की विस्तृत जानकारी दी। जिला स्तरीय विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं की लोगों को जानकारी दी गई। एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र नेगी ने कहा कि सरकार की ओर से जनता की समस्याओं के समधान के लिये समय–समय पर क्षेत्रों में इस तरह के शिविर लगाये जाते हैं, ताकि लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जा सके।

# 2 नवंबर से चलेगा विशेष निरीक्षण अभियान

नई टिहरी : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने कहा कि खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम 2006 एवं विनिमय 2011 का खाद्य कारोबारकर्ता को विधिवत अनुपालन करवाने के लिए जनपद में आगामी 2 नवंबर से एक सप्ताह का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा।

एमएन जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में आगे बताया कि अभियान के तहत लाइसेंस की जांच, साफ-सफाई तथा अनुसूची 4 के अनुपालन करवाने को अहम जानकारियों कारोबरियों को दी जायेंगी। इसके साथ ही भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के चलाये जा रहे इनीसेटिव जैसे हाईजीन रेटिंग, फोस्टिक ट्रेनिंग, भोग, ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, फुड फोर्टिफिकेशन, क्लीन स्ट्रीट हब आदि के बारे में वृहत जानकारी दी जायेगी। इस दौरान किये जाने वाले निरीक्षण में अगर खाद्य कारोबार कर्ता ने खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियक का पालन करते हुए नहीं पाये गये, तो उन्हें नोटिस जारी किया जायेगा। नोटिस का संतोषजनक जबाब न आने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जनपद में हाईजीन रेटिंग के लिए 60 होटलों को चयनित किया गया है। जिनका निरीक्षण कर सुधार के लिए निर्देशित किया जायेगा। मानक पूरे करने वाले होटलों को ही एफएसएसएआई के सर्टिफिकेट जारी किए जायेंगे। इसके साथ ही जनपद में खाद्य कारोबार कर्ता को फूड सेफटी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेट का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जोशी ने दीपावाली त्यौहार के दौरान चलाये गये निरीक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि दीपावाली को देखते हुऐ बीती 14 से 22 अक्टूबर चलाये गये निरीक्षण अभियान में जनपद टिहरी गढ़वाल के विभिन्न क्षेत्रों से 44 खाद्य पदार्थो के सैंपल जांच के लिए रूद्रपुर लैब भेजे गये। 63 दुकानों का निरीक्षण कर 19 दुकानदारों को खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का अनुपालन न किए जाने पर नोटिस जारी किए गये। (एजेन्सी)

## दर-दर भटकने को मजबूर पीआरडी कार्मिक

उत्तरकाशी : पीआरडी के माध्यम से विभिन्न विभागों में अनेकों पदों पर तैनात पीआरडी कर्मियों को शासन के सेवा विस्तार आदेशों के दो माह बाद भी दर-दर भटकने को मजबूर हैं। बरफिया लाल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना काल में पीआरडी के माध्यम से तैनात स्वयं सेवकों ने फिर से नियुक्ति की मांग की है। इसको लेकर स्वयं सेवकों ने तहसीलदार शीशपाल सिंह असवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है।ज्ञापन में स्वयं सेवकों ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी में पीआरडी के माध्यम से बीएल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर, वार्ड बॉय, फार्मासिस्ट तथा नर्सिंग व सहायक, एक्सरे टेक्नीशियन के रूप में डेढ़ दर्जन स्वयं सेवकों सेवकों की नियुक्ति की गई थी जिनको अब सबको हटा दिया गया जो कि बेरोजगारों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में कहा कि 15 सितंबर 2022 को बेरोजगारों के हित में शासन ने महा निदेशक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण को पदों पर पीआरडी के माध्यम से लगे एवं हटाये गये कर्मियों के सेवा विस्तार को लेकर आदेश जारी किये किंतु अभी तक पीआरडी कर्मियों को दरदर भटकना पड़ रहा है जबकि हटाये गये लोगों कर्मचारियों के सामने परिवार पालनें की समस्या पैदा खड़ी हो गयी है। (एजेन्सी)

**खोया–पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 68 गणेश विहार गुलाब गढ़ रोड़ सेक्टर-9 डेरा बस्ती पंजाब स्थित भूमि की रजिस्ट्री जो विक्रेता सतेन्द्र कुमार पुत्र राजकुमार एवं नरेन्द्र पुत्र गंगा राम एवं बलवेन्द्र सिंह पुत्र नन्द सिंह क्रेता सिमरनजीत कौर पत्नी श्री जगजीत सिंह के नाम की जिसकी रजिस्ट्रर्ड सीरियल नं. 1987 सब रजिस्ट्रार डेरा बस्ती में पंजीकृत वास्तव में उक्त रजिस्ट्री मूल रूप से कहीं गुम हो गयी है। जो काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मिल पा रही है। यदि किसी को उक्त बयनामा की मूल प्रति मिलती है तो कृपया इस मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करें।

**पूजा सहानी पत्नी हरीश सहानी हाल निवासी कुकरेती भवन निकट पीएनबी बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार, मोबाईल नं.– 8595242619**

## गन्ना कोल्हू संचालकों को ऊर्जा निगम ने भेजे नोटिस

रुड़की। कस्बे में गन्ना कोल्हू संचालक किसानों की बैठक में ऊर्जा निगम की ओर से कोल्हू संचालकों को बिजली कनेक्शन कमिर्शियल में करने के संबंध में नोटिस जारी करने का विरोध किया गया। किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी। नगर पंचायत झबरेड़ा अध्यक्ष चौधरी मानवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर इसका समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

ऊर्जा निगम की ओर से कस्बे में चल रहे गन्ना कोल्हू संचालकों को बिजली बिलों के साथ–साथ कनेक्शन को कमिर्शियल करने का नोटिस दिया गया था। नोटिस मिलते ही गन्ना कोल्हू संचालक परेशान हो गए हैं। किसानों का कहना है कि वह अपना गन्ना कोल्हू पूर्व से नलकूपों के कनेक्शन पर ही संचालित करते आ रहे हैं। गन्ना कोल्हू में कुछ मजदूर भी काम कर रहे हैं जिनकी यही रोजी–रोटी है। कमिर्शियल कनेक्शन होते ही गन्ना कोल्हू बंद हो जाएंगे। उन्होंने नलकूप कनेक्शन पर ही गन्ना कोल्हू संचालित रखे जाने की मांग की। मौके पर मौजूद नगर पंचायत झबरेड़ा अध्यक्ष चौधरी मानवेंद्र सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर रमेश चंद सैनी, यशवीर सिंह, अश्वनी कुमार, बालू सिंह, जुल्फुकार, सुखा अहमद, प्रवीण कुमार, चरण सिंह, फैयाज, फारूक अहमद, हसरत, सलमान, पप्पू, अरविंद, साधु सैनी, रोहित आदि उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 3 वाहन सीज, 15 का चालान



विकासनगर। परिवहन विभाग की टीम ने देहरादून–शिमला बाईपास रोड पर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। कुल्हाल पावर हाउस के समीप चलाए गए अभियान में हिमाचल, यूपी और हरियाणा के तीन वाहनों को सीज किया गया।

जबकि पंद्रह अन्य वाहनों का चालान काटा गया। परिवहन विभाग की टीम ने दोपहर से लेकर देर शाम तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान यूपी व हरियाणा की एक–एक डिलीवरी वैन को टैक्स जमा न करने पर सीज किया गया। जबकि हिमाचल प्रदेश की कार को फिटनेस प्रमाण पत्र न होने पर सीज किया गया। इसके साथ ही पंद्रह अन्य वाहनों का यातायात नियमों का उल्लंघन करने ओवर लोडिंग, डीएल न होने, टैक्स जमा न करने आदि विभिन्न खामियों के चलते भारी भरकम चालान काटा गया है। एआरटीओ रावत सिंह कटारिया ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। कहा कि कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : कीर्तिनगर तहसील के राजस्व गांव ग्राम पंचायत डांग कड़ाकोट में माता वैष्णवी का आठवां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

निविदा विस्तारीकरण सूचना दिनांक 29.10.2022

एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 14/2022–23 जिसकी निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 28–10–2022 थी एवं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि दिनांक 29–10–2022 थी, [illegible] ऑफलाइन (कार्यालय) में जमा करने की तिथि 04.11.2022 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 05–11–2022 की जाती है। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

पत्रांक: 2438/[illegible]/टी–9 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें

## छठ महापर्व के दूसरे दिन धूमधाम से मनाया गया



विकासनगर। आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना पर छठ व्रती महिलाओं ने चौबीस घंटे का निराहार व्रत रख शाम को मिट्टी के चूल्हे पर खीर और पूरी का प्रसाद तैयार किया।

पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत भी शुरू हो गया। व्रती महिलाएं रविवार को (आज) शाम अस्ताचलगामी और सोमवार सुबह उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करेंगी। शुक्रवार को नहाय–खाय से छठ पर्व की शुरुआत हुई। चार दिनों तक चलने वाले महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना मनाया गया। छठ व्रती महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रख शाम के वक्त सूर्य देवता और छठी मैया का पूजन करने के बाद आम की लकड़ी से चूल्हे पर गुड़ और चावल की खीर के साथ ही आटे की रोटी बनाई। भगवान को भोग लगाने के बाद सबसे पहले व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। जो कि सप्तमी के दिन उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा।

## पुलिस लाईन में किया रन फॉर यूनिटी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिद्वार। रोशनाबाद स्थित पुलिस लाईन में 21 से 31 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे पुलिस कॉममेमोरेशन डे और पुलिस फ्लैग डे के अंतर्गत शनिवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। प्रतिसार निरीक्षक जितेंद्र जोशी की मौजूदगी में आयोजित की तीन किलोमीटर की दौड़ में जनपद के विभिन्न थानों में तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा पीएसी, आईआरबी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में हेडकांस्टेबल असवीर सिंह ने प्रथम स्थान, हेडकांस्टेबल विपिन ने द्वितीय स्थान एंव हेडकांस्टेबल प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।महिला वर्ग में थाना कनखल की आरक्षी प्रभा ने प्रथम, थाना सिडकुल की आरक्षी रीना ने द्वितीय तथा गंगनहर कोतवाली में तैनात आरक्षी विजय भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को प्रतिसार निरीक्षक जितेन्द्र जोशी पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया है।

## विस अध्यक्ष बोली सरकार गैरसैंण को लेकर प्रतिबद्ध

चमोली : शनिवार को गैरसैंण जाने के लिए गौचर पहुंचीं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान गौचर हवाई पट्टी पर मीडिया से बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गैरसैंण को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।गैरसैंण के मेहलचौरी में आयोजित चार दिवसीय मेले में शामिल होने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी शनिवार को हेली से गौचर हवाई पट्टी पहुंची। यहां कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल और थराली की पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि गैरसैंण राज्य आंदोलनकारियों की भावनाओं को प्रदर्शित करता है। जिसके लिए सरकार ने यहां ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई है। और सरकार यहां अन्य काम करने के लिए भी कार्रवाई अमल में ला रही है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर पर गैरसैंण के विधानसभा भवन भराड़ीसैंण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य और एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, विनय पुरोहित, केपी सती, प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी, जिला पंचायत सदस्य भावना रावत, मनोरमा नैनवाल, आशा डिमरी, पवित्रा बिष्ट, कृष्णा रावत, अंजलि नेगी, चेतन मनोड़ी आदि मौजूद थे।

## नगदी के साथ दो युवक गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को 100 प्रतिबंधित इंजेक्शन, नगदी और बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पिरान कलियर थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि नशे की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एसआई नवीन नेगी रात में टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि भगवानपुर बाईपास पर बावनदर्रा तिराहे के पास बहादराबाद की ओर रोड पर दो लोग बाइक के साथ खड़े हैं जो नशीले इंजेक्शन बेचने की फिराक में है। पुलिस मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची तो बाइक पर सड़क किनारे दो लोग खड़े संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस को अपनी ओर आता देखकर दोनों ने बाइक को मोड़कर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर दोनों को पकड़ लिया। थाने लाकर उनकी तलाशी ली तो एक के पास से 60 इंजेक्शन व 1200 रुपये की नगदी व एक फोन मिला व दूसरे के पास से 40 नशीले इंजेक्शन मिले। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम मोहम्मद हातिम निवासी झोझों वाली मस्जिद कलियर व दूसरे ने अपना नाम अरशद निवासी कोटा मुरादनगर बताया। बरामद इंजेक्शनों के बारे में पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर से जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन एनडीपीएस की श्रेणी में आते है, जो कि प्रतिबंधित है।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय

चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 (भारत)

Website: www.beeindia.gov.in, फोन: 011-26766700

सार्वजनिक सूचना

कुछ विनिर्माता बीईई के अधिकृत स्टार लेबल के बिना एलईडी बल्ब बेच रहे हैं, जो ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की धारा 14 का उल्लंघन है। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि खरीदारी करने से पहले हमेशा उत्पादों के स्टार लेबल की जाँच करें।

उत्पाद पर प्रदर्शित स्टार लेबल की प्रामाणिकता की जाँच करने के लिए, बीईई के पोर्टल पर जाएं।

www.beestarlabel.com/SearchCompare



अधिकृत लेबल अनधिकृत लेबल

ऊर्जा दक्षता के लिए हमेशा बीईई स्टार रेटेड उपकरणों को प्राथमिकता दें

# हिजाब पर एक मत नहीं

**अजय दीक्षित**

हमारा एक ही देश है । एक संविधान है । सभी के लिए एक ही कानून है । अदालत की व्यवस्था भी समान है, लेकिन दो सुप्रीम न्यायाधीशों के एक ही विषय पर फैसला अलग बंटे हुए हैं । यह हैरानी की बात नहीं है, न्यायिक अनिश्चितता की स्थिति है । न्यायाधीशों की बंटी राय के आधार कानून की अलग-अलग व्याख्या न्यायाधीशों के विवेक और विशेषाधिकार हो सकते हैं । इसी बहस के दौरान मुद्दा सामने आया कि अदालतों को धार्मिक गुत्थियों की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। अदालतों को श्धर्मनिरपेक्षश करार दिया गया है, लिहाजा के धर्म के किसी एक पक्ष पर अपना अभिमत नहीं दे सकतीं । अयोध्या विवाद के दौरान भी यह मुद्दा उभरा था । यदि किसी जगह संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो अदालत का हस्तक्षेप स्वाभाविक है । आखिर यह कौन तय करेगा कि अमुक धार्मिक मुद्दे पर अदालत मामले की सुनवाई से ही इंकार कर दे अथवा मामले की न्यायिक समीक्षा की जाए ? सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राम मन्दिर पर भी फैसला सुनाया था और तीन तलाक पर भी न्यायिक व्याख्या की थी । दोनों पर कानूनन फैसले दिये जा चुके हैं, जो लागू भी हैं । अब हिजाब का मुद्दा किन धार्मिक मूल्यों और रीति-रिवाजों का उल्लंघन कर रहा है, जो यह बहस उभरी है कि अदालतें धार्मिक विषयों की सुनवाई और व्याख्यान करें । धार्मिक विवादों की सुनवाई किन अदालतों में होगी ? आखिर विवादों का निपटारा तो कानूनन ही करना पड़ेगा, तो कानून की सम्यक व्याख्या कौन करेगा ? मुस्लिम सांसद, नेता, मौलाना मुफ्ती ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा है कि हिजाब सरीखे मजहबी और इस्लामी मामलों में अदालतें हस्तक्षेप न करें । उनके लिए कुरान और पैगम्बर के फरमान अन्तिमश हैं और वे उन्हीं का पालन करेंगे । सवाल यह भी है कि क्या ऐसे मामलों की सुनवाई श्सरिया अदालतेंश करेंगी ? क्या उन्हें भी संवैधानिक वैधता दी जायेगी ? बहरहाल कुरान में लिवास और हिजाब को लेकर कोई फरमान नहीं है । सिर्फ श्गरिमाश का उल्लेख किया गया है, जो औरतों और मर्दों दोनों पर लागू होता है । ऐसा केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सरीखे इस्लामी स्कलर समेत कई मुस्लिम विद्वानों ने कहा है । हम तो कुरान और इस्लाम के अध्येता भी नहीं हैं, लिहाजा हमारा कथन श्अतिक्रमणश होगा अब सांसद ओवैसी या सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने कुरान और इस्लाम की जो व्याख्याएं दी हैं, उन्हें श्ब्रह्म वाक्यश नहीं माना जा सकता । ये किन आयतों के उद्धरण दे रहे हैं या गैर-हिजाब वाली रवायत को श्आवारगीश करार दे रहे हैं, उन पर भी ढेरों असहमतियां हैं । कर्नाटक के सन्दर्भ में ही छात्र-ाओं और महिलाओं का एक तबका हिजाब को श्कुरान का हुक्मश मानता है, जबकि दूसरा तबका बुर्के, हिजाब, चादर आदि परम्परागत मजहबी परिधानों के धुर खिलाफ है । ईरान एक इस्लामी देश है और वहां बुर्का या हिजाब पहनना कानूनन एक व्यवस्था है । उल्लंघन करने वाले को जेल में डालना तय है । फिर भी वहां व्यापक तौर पर हिजाब के प्रति जन विद्रोह भड़क उठा है । पुलिस की गोलीबारी में 210 से ज्यादा औरतें और अन्य लोग मारे जा चुके हैं और 2000 से अधिक आन्दोलनकारी जेलों में हैं । बहरहाल हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जिस पाबंदी को उचित माना था, उसके पक्षधर जस्टिस हेमंत गुप्ता हैं, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने उस फैसले को रद्द करने का फैसला दिया है । दोनों न्यायाधीशों ने संविधान के अनुच्टेद 14, 19 (1) (ए), 21 और 25 के तहत अपने अपने न्यायिक विवेक की व्याख्या की है । उस पर कोई सवाल नहीं, क्योंकि अब तीन न्यायाधीशों की नई पीठ इस मामले को सुनेगी और यह तय है कि कोई निश्चित फैसला सामने आयेगा । आशंकाएं कि जेहादी, कट्टरपंथी तत्व ऐसे धार्मिक मुद्दे सुनने वाले न्यायाधीशों को ही मारने की धमकियां सकते हैं । सरकार उन्हें किसी भी स्तर की सुरक्षा मुहैया करा सकती है । सवाल है कि क न्यायाधीश ऐसी स्थिति में विवादास्पद और संवेदनशील मुद्दों की सुनवाई करेंगे ?

# मुफ्त की रेवड़ी बनाम जनहित

**अजय दीक्षित**

**विडम्बना यही है कि देश में रेवड़ी संस्कृति पर लगाम लगाने के लिये कोई कारगर कानून नहीं है । इस बाबत शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने लाचारगी जतायी थी । तभी कोर्ट ने ललीपोप संसति पर लगाम लगाने के लिये मडल कोड अफ कंडक्ट को प्रभावी बनाने को कहा । कोर्ट ने आयोग को याद दिलाया कि संविधान के अनुच्टेद 324 के अन्तर्गत उसे चुनाव संचालन के लिये कारगर नियम बनाने का अधिकार है । अब इसी कड़ी में चुनाव आयोग ने आचार संहिता में संशोधन की बात कही है । आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में उल्लेख करें कि जो वायदे वे कर रहे हैं, उन पर कितना खर्च आयेगा ? उसके लिये वित्तीय संसाधन कहां से जुटाएंगे ? आयोग ने इस बाबत 19 अक्टूबर तक जवाब मांगा है ।**



मुफ्त का चंदन घिस रघुनंदन की तर्ज पर जनाधार विहीन राजनेताओं द्वारा मुफ्त की सौगात बांटने की राजनीति पर अब नकेल कसने की तैयारी है । इस मामले में पिछले दिनों शीर्ष अदालत की सख्त टिप्पणी और चुनाव आयोग की जवाबदेही तय करने की कोशिशों के बाद आयोग ने मुफ्त के प्रलोभनों को मडल कोड अफ कंडक्ट के दायरे में लाने की कवायद शुरू की है । दरअसल, यह मामला अभी शीर्ष अदालत में लंबित है। अगस्त माह में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन ने इस मामले को नई पीठ को भेज दिया था । इससे पहले प्रधानमंत्री ने भी मुफ्त की राजनीति को देश के विकास में बाधक बताया था । दरअसल, कोर्ट द्वारा इस अपसंसति को गम्भीरता से लेने के बाद सार्वजनिक विमर्श में शामिल मुद्दा जोर पकड़ रहा है । देश की आर्थिक नियमन से जुड़ी संस्थाएं भी चेताती रही हैं कि मुफ्त की राजनीति से राज्यों की अर्थव्यवस्था पर घातक प्रतिकूल असर पड़ता रहा है । क्या मजाक है कि पहले मुफ्ध्त की राजनीति को परवान चढ़ाया जाता है और फिर केन्द्र सरकार की संस्थाओं व बैंक से ऋण लेकर राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़ाया जाता है । विडम्बना यही है कि देश में रेवड़ी संस्कृति पर लगाम लगाने के लिये कोई कारगर कानून नहीं है । इस बाबत शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने लाचारगी जतायी थी । तभी कोर्ट ने ललीपोप संसति पर लगाम लगाने के लिये मडल कोड अफ कंडक्ट को प्रभावी बनाने को कहा । कोर्ट ने आयोग को याद दिलाया कि संविधान के अनुच्टेद 324 के अन्तर्गत उसे चुनाव संचालन के लिये कारगर नियम बनाने का अधिकार है । अब इसी कड़ी में चुनाव आयोग ने आचार संहिता में संशोधन की बात कही है । आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में उल्लेख करें कि जो वायदे वे कर रहे हैं, उन पर कितना खर्च आयेगा ? उसके लिये वित्तीय संसाधन कहां से जुटाएंगे ? आयोग ने इस बाबत 19 अक्टूबर तक जवाब मांगा है । साथ ही पूछा है राजनीतिक दल स्पष्ट करें कि उनकी मुफ्ध्त की घोषणाओं से किस वर्ग को लाभ होगा ? दरअसल, आधारहीन राजनेता मुफ्त की राजनीति के जरिये सफलता का शार्टकट तलाश रहे हैं । उन्हें लगता है । प्रलोभन की राजनीति से जनता उनके सुनहरे सपनों में खोकर उन्हें कुर्सी पर बैठा देगी । दरअसल, दक्षिण भारत से शुरू हुआ मुफ्ध्त देने का रोग पूरे देश पर लग गया है । विडम्बना यही है कि राजनीतिक दल आम जनता को स्थायी रोजगार देने वाली रचनात्मक विकास की योजनाएं बनाने और ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने के बजाय सब्जबाग दिखाने लगते हैं ।

सवाल है कि राजनेता पार्टी फंड व व्यक्तिगत संसाधनों से क्यों नहीं अपने मुफ्ध्त के वायदों को पूरा करते ? सरकारी धन से होने वाले खर्च का अन्तिम बोझ भी देश के करदाताओं पर ही पड़ता है । देश में कई बीमारू राज्य इस हालात की बानगी दर्शाते हैं । दीर्घकालीन व स्थायी विकास के बजाय प्रलोभन की राजनीति ने अंततः जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार को पलीता ही लगाया है । जैसा कि जाहिर था राजनीतिक दलों की तरफ से विरोध के स्वर उभरने लगे हैं । राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों को नियंत्रित करने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं । कुर्सी के लिये प्रलोभन के हथकण्डे अपनाकर अपनी नैय्या पार लगाने वाले नेताओं की कारगुजारी पर नकेल लगाने का वक्त आ गया है । जिसको लेकर सरकार को भी सख्त रवैया अपनाना चाहिये । बहरहाल, चुनाव आयोग की यह पहल स्वागत योग्य है। कोर्ट एवं चुनाव आयोग के बाद केन्द्र सरकार को भी इस दिशा में गम्भीर पहल करनी चाहिये । राजनीतिक दल भी पार्टी हितों के बजाय राष्ट्रीय सरोकारों को तरजीह दें । साथ ही देश के मतदाताओं को भी जागरूक करने के लिये मुहिम चलायी जानी चाहिये कि वे राज्य की अर्थव्यवस्था के हित में प्रलोभनों की राजनीति को सिरे से खारिज करें । दरअसल, एक चिन्ता यह भी है कि निश्चित परिभाषा न होने से रेवड़ी संसति व कल्याण कार्यक्रमों में अन्तर करना भी कठिन होता है । बहरहाल यदि इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों में सहमति बनती तो स्वच्छ लोकतान्त्रिक प्रक्रिया को बल मिलेगा ।

# स्टीयरिंग कमेटी ही खडगे की टीम है

मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष के तौर पर कामकाज संभालते ही पार्टी के सभी महासचिवों, प्रभारियों और कार्य समिति के सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद खडगे ने एक स्टीयरिंग कमेटी बना दी, जिसमें 47 लोग रखे गए हैं। कांग्रेस कार्य समिति के लगभग सारे सदस्य, सभी महासचिव और सभी प्रभारियों को इस स्टीयरिंग कमेटी में जगह मिली है। सो, यह मान लेना चाहिए कि खडगे की स्टीयरिंग कमेटी ही उनकी नई टीम है। जिसको इस कमेटी में जगह मिली है उसी को खडगे की टीम में जगह मिलेगी।

खडगे की बनाई स्टीयरिंग कमेटी में सभी 10 महासचिवों को शामिल किया गया है। जब वे अपनी टीम बनाएंगे तो इनमें से कम से कम आठ या नौ नेता फिर से महासचिव बनेंगे। अगर उनके पास उन्हीं राज्यों का प्रभार रहे, जिनके वे अभी प्रभारी हैं, तब भी हैरानी नहीं होगी। इसी तरह कार्य समिति के 23 सदस्यों को लेकर फैसला होना है कि संविधान के मुताबिक आधे सदस्यों का चुनाव हो या सभी को मनोनीत करने का अधिकार अध्यक्ष को दे दिया जाए। लेकिन यह तय है कि अभी जो कार्य समिति भंग हुई है उसमें के ज्यादातर लोग नई कार्य समिति में भी रहेंगे।

नई टीम को लेकर सिर्फ एक पेंच यह है कि खडगे ने उदयपुर में हुए नव संकल्प शिविर का हवाला देते हुए कहा कि पदाधिकारियों के 50 फीसदी पद युवाओं के लिए आरक्षित होंगे। युवाओं का मतलब 50 साल से कम उम्र के नेताओं के लिए। मुश्किल यह है कि 10 महासचिवों में सिर्फ प्रियंका गांधी वाड्रा 50 साल की हैं बाकी सब उससे ज्यादा उम्र के हैं।

प्रभारियों में भी एकाध को छोड़ कर सब 50 साल से ज्यादा के हैं और कोषाध्यक्ष से लेकर कार्य समिति तक सभी सदस्य 50 साल से ज्यादा के हैं।

चूंकि महासचिवों और कार्य समिति के सदस्यों में ज्यादा बदलाव की गुंजाइश नहीं है इसलिए प्रभारियों और सचिवों में 50 साल से कम उम्र के लोगों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाएगा ताकि 50 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# नरेंद्र मोदी और अंग्रेजी हटाओ

वेद प्रताप वैदिक



**गृहमंत्री अमित शाह ने अपने भाषणों में हिंदी थोपने की बात कभी नहीं की है लेकिन देश के हिंदी-विरोधी नेता मनगढंत तथ्यों के आधार पर उनकी बातों का विरोध कर रहे हैं। मुझे तो आश्चर्य है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस-जैसी पार्टी चुप क्यों है?**
**कम से कम वह गांधी नाम की इज्जत बचाए। महात्मा गांधी ने तो यहां तक कहा था कि स्वतंत्र भारत की संसद में जो अंग्रेजी में बोलेगा, उसे हम छह माह की जेल करा देंगे। समाजवाद के पुरोधा ड.राममनोहर लोहिया ने तो देश में बाकायदा अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चला दिया था लेकिन उप्रक्र की समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे पर मौन धारण किए हुए है।**

गुजरात के स्कूलों में 5 जी की तकनीक के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमाल कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की हैसियत से श्अंग्रेजी की गुलामी के खिलाफ जो बात कह दी है, वह बात आज तक भारत के किसी प्रधानमंत्री की हिम्मत नहीं हुई कि वह कह सके। मोदी ने श्अंग्रेजी की गुलामी शब्द का प्रयोग किया है, जिसके बारे में पिछले 60-70 साल से मैं बराबर बोलता और लिखता रहा हूँ और अपने इस विचार को फैलाने की खातिर मैं जेल भी काटता रहा हूँ और अंग्रेजीभक्तों का कोप-भाजन भी बनता रहा हूँ।

देश की लगभग सभी पार्टियों के सर्वोच्च नेताओं और प्रधानमंत्रियों से मैं अनुरोध करता रहा हूं कि हिंदी थोपने की बजाय आप सिर्फ अंग्रेजी हटाने का काम करें। अंग्रेजी हटेगी तो अपने आप हिंदी आएगी। उसके अलावा कौनसी भाषा ऐसी है, जो भारत की दो दर्जन भाषाओं के बीच सेतु का काम कर सकेगी? लेकिन हमारे नौकरशाहों और बुद्धिजीवियों के दिमाग पर अंग्रेजी की गुलामी इस तरह छाई हुई है कि उनकी देखादेखी किसी प्रधानमंत्री या शिक्षामंत्री की आज तक हिम्मत नहीं पड़ी कि वह श्अंग्रेजी हटाओ की बात करे।

अंग्रेजी हटाओ का अर्थ अंग्रेजी मिटाओ बिल्कुल नहीं है। इसके सिर्फ दो अर्थ हैं। एक तो अंग्रेजी की अनिवार्यता हर जगह से हटाओ और दूसरा विदेश नीति, विदेश व्यापार और अनुसंधान के लिए हम सिर्फ अंग्रेजी पर निर्भर न रहें। अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य विदेशी भाषाओं का भी इस्तेमाल करें। यदि ऐसा हो तो भारत को महाशक्ति और महासंपन्न बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। प्रधानमंत्री के अंग्रेजी-विरोध का आशय केवल इतना ही है लेकिन तमिलनाडु विधानसभा ने सरकार की भाषा नीति के विरुद्ध प्रस्ताव पारित करके वास्तव में तमिलनाडु का बड़ा अहित किया है।

गृहमंत्री अमित शाह ने अपने भाषणों में हिंदी थोपने की बात कभी नहीं की है लेकिन देश के हिंदी-विरोधी नेता मनगढंत तथ्यों के आधार पर उनकी बातों का विरोध कर रहे हैं। मुझे तो आश्चर्य है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस-जैसी पार्टी चुप क्यों है?

कम से कम वह गांधी नाम की इज्जत बचाए। महात्मा गांधी ने तो यहां तक कहा था कि स्वतंत्र भारत की संसद में जो अंग्रेजी में बोलेगा, उसे हम छह माह की जेल करा देंगे। समाजवाद के पुरोधा ड.राममनोहर लोहिया ने तो देश में बाकायदा अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चला दिया था लेकिन उप्रक्र की समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे पर मौन धारण किए हुए है।

सर्वत्र अंग्रेजी के एकाधिकार के कारण भारत के गरीब, विपन्न, ग्रामीण और मेहनतकश लोगों की हालत कार्ल मार्क्स के शब्दों में सर्वहारा की बनी हुई है लेकिन इन सर्वहारा की लूट पर मार्क्सवादियों की बोलती बंद क्यों है?

मोदी ने जो कहा है, यदि वे वह करके दिखा दें तो दक्षिणपंथी कहे जानेवाले भाजपाई और संघी लोग वामपंथियों से भी अधिक प्रगतिशील साबित होंगे। यदि देश की सर्वोच्च शिक्षा और सर्वोच्च नौकरियां भी भारतीय भाषाओं के जरिए मिलने लगें तो देश के करोड़ों लोगों को सच्ची आजादी मिलेगी। जाति के नाम पर आरक्षण की चूसनियाँ लटकाकर उन्हें पटाने की जरुरत ही नहीं पड़ेगी।

# सेहत के लिए फायेदमंद के साथ नुकसानदायक है पनीर, सीमित मात्रा में लें

पनीर ऐसी खाद्य सामग्री है जिसने आम तौर पर बहुतायत में खाया जाता है। विशेष रूप से शादी पार्टियों में पनीर की विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ बनाई जाती हैं जिन्हें बड़े चाव के साथ लोग खाते हैं। पनीर की सब्जियों के साथ-साथ आजकल पनीर टिक्का, पनीर पकौड़े भी खासे प्रचलन में हैं। बाजार में कई ऐसे आउटलेट्स देखने को मिल जाते हैं जहाँ शाम के वक्त लोगों की भीड़ इन खाद्य पदार्थों को खाती नजर आती है।




पनीर के सेवन से सेहत को कई फायदे होते हैं। पनीर में बहुतायत में प्रोटीन पाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं, इसके जितने फायदे हैं उतने नुकसान भी हैं, जी हां, यदि पनीर का सेवन ज्यादा मात्रा में किया जाए तो इससे सेहत को नुकसान भी हो सकता है। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है.

पनीर के सेवन के नुकसान

1. जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है वे पनीर के सेवन से परहेज करें, वरना इससे समस्या और बढ़ सकती है।

2. जिन लोगों को पेट की समस्या है या जो लोग कब्ज, एसिडिटी आदि की समस्या से परेशान हैं वे डाइजेस्टिव सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए अपनी डाइट में पनीर को बिलकुल शामिल न करें। पनीर को लेकर कहा जाता है कि यह पेट में गलने में तीन दिन का समय लेता है। इसके सेवन से कब्ज, एसिडिटी की परेशानियाँ बढ़ जाती हैं।

3. जिन लोगों को फूड पइजिनंग की समस्या है वे भी पनीर का सेवन करने से बचें क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है ऐसे में इससे समस्या और बढ़ सकती है।

4. यदि पनीर का अधिक मात्रा में सेवन किया जाए तो इससे मितली, सिरदर्द, भूख में कमी आदि की समस्या हो सकती है।5. अधिक पनीर के सेवन से सिर दर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकते हैं।

6. गर्भवती महिलाओं को पनीर का सेवन नहीं करना चाहिए। यह पेट में गैस की समस्या पैदा करता है। गर्भवती महिलाओं को डक्टर की सलाह पर ही पनीर का सेवन करना चाहिए। आलेख में दी गई जानकारियों को लेकर हम यह दावा नहीं करते कि यह पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

# इन खाद्य सामग्रियों के इस्तेमाल से ला सकती हैं चेहरे पर निखार

महिलाएँ और युवतियाँ स्वयं को सुन्दर और अपने चेहरे को बेदाग रखने के लिए कई तरह की क्रीम का इस्तेमाल करती हैं। वक्ती तौर पर तो इन क्रीम से चेहरे पर थोड़ा निखार जरूर आ जाता है लेकिन यह स्थायी नहीं होता है। यदि आप अपने चेहरे पर स्थायी निखार पाना चाहती हैं तो एक नजर अपने घर की रसोई पर जरूर डाल लें। रसोई घर में मौजूद कई घरेलू चीजें चेहरे पर निखार लाने में मददगार साबित हो सकती हैं। वैसे भी सदियों से घरेलू उपचार के जरिए कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं को ठीक किया जाता रहा है। हो सकता है प्रातिक चीजों का इस्तेमाल असर दिखाने में थोड़ा वक्त ले लेकिन इनसे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। आइए डालते हैं एक नजर रसोई में उपलब्ध ऐसी ही कुछ चीजों पर



**आलू और टमाटर**

आंखों के नीचे के काले घेरे हटाने में आलू और टमाटर खास मददगार होते हैं। वहीं इनके नियमित इस्तेमाल से चोट के दाग-धब्बे भी हल्के पडने लगते हैं।

**बेकिंग सोडा**

अगर आप दाग-धब्बों को एक हफ्ते के अंदर हटाना चाहते हैं तो एक चम्मच बेकिंग सोडा में तीन चम्मच पानी मिलाइए। इस मिश्रण को दाग पर लगाएं और कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें।

**खीरा**

खीरा न सिर्फ आपकी त्वचा से दाग हल्के करता है बल्कि आपके चेहरे के निखार को भी बढ़ा देता है।

**शहद**

दाग हटाने के लिए शहद का इस्तेमाल पुराने समय से होता आ रहा है। शहद, ओटमील और पानी को एक साथ मिलाकर इसका पैक बना लें और इसे चोट के धब्बों पर लगाएं।

**एलोवेरा**

दाग-धब्बों को दूर करने के लिए एलोवेरा जेल जादू की तरह काम करता है। रात को इस जेल को लगा कर सोएं और सुबह चेहरा धो लें। परिणाम जल्द ही दिखने लगेंगे।

**प्याज**

प्याज को टुकड़ों में काटकर इसका जूस निकाल लें। रुई की मदद से इस जूस को दागों पर लगाएं। दिन में आप इस प्रक्रिया को कई बार दोहरा सकते हैं।

# कोर्ट का वाजिब दखल

**अगर सत्ताधारी नेता ही हेट स्पीच को अपनी सियासी पूंजी मानते हों, तो फिर पुलिस उनकी इच्छा के खिलाफ जाकर कार्रवाई करेगी, यह उम्मीद रखना शायद भोलापन ही हो सकता है। फिर पुलिसकर्मी सामाजिक पूर्वाग्रहों से प्रेरित नहीं रहते, यह मानने की भी कोई वजह नहीं है। आज जिन पूर्वाग्रहों को एक राजनीतिक परियोजना के रूप में फैलाया गया है, उससे पुलिसकर्मी प्रभावित हुए नजर आते हैं।**

हेट स्पीच रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने उचित हस्तक्षेप किया है। इस दौरान उसने प्रशंसनीय टिप्पणियां की हैं। लेकिन हालात ऐसे हैं कि इस दखल से वास्तविक फर्क पडने की कोई ठोस संभावना नहीं उभरी है।

हेट स्पीच के मामले में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने जो टिप्पणियां कीं, उनसे हर विवेकशील व्यक्ति सहमत होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस अफसोस में तमाम विवेकशील लोगों की भावनाओं का इजहार हुआ कि 21वीं सदी में हमारा समाज कैसी जुबान बोलने के स्तर तक गिर गया है। न्यायमूर्तियों ने संविधान के अनुच्टेद 51 का जिक्र किया, जिसमें भारत को वैज्ञानिक सोच का देश बनाने का लक्ष्य रखा गया था। आज जबकि इस सोच पर चौतरफा आक्रमण हो रहा है, तो सुप्रीम कोर्ट का उससे चिंतित होना लाजिमी है। तो कोर्ट अब पुलिस को आदेश दिया है कि हेट स्पीच की घटना होते ही वह अपनी पहल पर मामले दर्ज करे- यानी वह इस बात के इंतजार में ना बैठी रहे कि कोई केस दर्ज कराएगा, तब वह जांच-पड़ताल शुरू करेगी। सुप्रीम कोर्ट की सदिच्छा के लिहाज से यह आदेश उसका एक उचित हस्तक्षेप मामूल पड़ता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कोर्ट की ये सदिच्छा पूरी होगी? मन में यह सवाल उठने के पीटे वजह यह है कि पुलिस कोई स्वतंत्र और संवैधानिक भावना से काम करने वाली एजेंसी नहीं है। बल्कि वह राज्य सरकार के मातहत है और अक्सर सरकार की राजनीतिक सोच या हित के अनुरूप काम करती नजर आती है।



अगर सत्ताधारी नेता ही हेट स्पीच को अपनी सियासी पूंजी मानते हों, तो फिर पुलिस उनकी इच्छा के खिलाफ जाकर कार्रवाई करेगी, यह उम्मीद रखना शायद भोलापन ही हो सकता है। फिर पुलिसकर्मी सामाजिक पूर्वाग्रहों से प्रेरित नहीं रहते, यह मानने की भी कोई वजह नहीं है। आज जिन पूर्वाग्रहों को एक राजनीतिक परियोजना के रूप में फैलाया गया है, उससे पुलिसकर्मी प्रभावित हुए नजर आते हैं। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठता है कि वे हेट स्पीच को वे कानून और संविधान की भावना के मुताबिक समझेंगे या परिभाषित करेंगे, अथवा जिस एकतरफा सोच का आज वर्चस्व है उससे प्रभावित होकर काम करेंगे? जब तक इन प्रश्नों पर स्पष्टता नहीं बनती, वास्तविक आस जगना संभव नहीं है। इसीलिए कोर्ट की टिप्पणियां सुनने में अच्छी लगीं, आदेश भी उचित लगा, लेकिन उससे वास्तविक फर्क पडने की कोई ठोस संभावना नहीं उभरी है।

## ट्विटर समझदार हाथों में, लेकिन मेरे बिना सफल नहीं हो सकता : ट्रंप

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)** । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 44 अरब डलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के लिए एलन मस्क की सराहना करते हुए कहा कि माइक्रो-ब्लगिंग प्लेटफर्म अब श्समझदार हाथों में है। हालाँकि, उन्होंने अपने स्वयं के सोशल मीडिया प्लेटफर्म श्ट्रथ सोशल पर यह खुलासा नहीं किया कि वह उस प्लेटफर्म पर वापसी करना चाहते हैं जिसने जनवरी 2021 में कैपिटल हिल दंगों के बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया था।

ट्रम्प ने एक पोस्ट में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि ट्विटर अब समझदार हाथों में है और अब रेडिकल लेफ्ट ल्यूनेटिक्स और पागलों द्वारा नहीं चलाया जाएगा जो वास्तव में हमारे देश से नफरत करते हैं। शुक्रवार को फक्स न्यूज डिजिटल के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा, मैं एलन को पसंद करता हूं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि वह इसके साथ अच्छा करेंगे। हालांकि, 76 वर्षीय रियल एस्टेट मैग्नेट ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ट्विटर मेरे बिना सफल हो सकता है।

श्चीफ ट्विट मस्क ने कहा है कि वह ट्विटर पर ट्रंप के अकाउंट को बहाल करेंगे और ऐसे फैसलों के लिए कंटेंट मडरेशन काउंसिल बनाने की घोषणा की है। ट्रथ सोशल पर ट्रंप के 40 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में की थी। ट्रथ सोशल इस महीने की शुरुआत में गूगल प्ले स्टोर पर फिर से सामने आया जब टेक दिग्गज ने अपनी नीतियों को पूरा करने में विफल रहने पर अगस्त में इसे प्रतिबंधित कर दिया।

## अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले अतिवादी हिंसा भड़कने की चेतावनी

**वाशिंगटन (एजेंसी)** । अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के मात्र एक सप्ताह पहले निचले सदन की स्पीकर नैंसी पेलोसी के पति पर शुक्रवार को हुए हमले के बाद चुनाव से पहले अतिवादियों की ओर से हिंसा भड़काने जैसी आशंकाएं बढने लगी हैं।

पल पेलोसी पर हमले के बाद कुछ घंटों बाद अमेरिकी सरकार की ओर से सुरक्षा बलों को एक चेतावनी जारी करते हुए सतर्क रहने को कहा गया। चेतावनी में यह भी कहा गया कि चुनाव में उतरने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ हिंसा होने का खतरा है।अमेरिका के जस्टिस्ट डिपार्टमेंट की ओर से शुक्रवार को बताया कि पेंसिलवेनिया से किसी व्यक्ति ने उच्च सदन कांग्रेस के किसी अनाम सदस्य की हत्या किये जाने की फोन पर कई बार धमकी दी। इतना ही नहीं एक अन्य धमकी में कहा गया कि वाशिंगटन स्थित कार्यालय में कांग्रेस के स्टाफ का ही कोई व्यक्ति हथियार लेकर आ रहा है।

## मुद्रास्फीति, यूक्रेन संघर्ष पर चिंता व्यक्त कर किया विरोध प्रदर्शन

**प्राग (एजेंसी)** । देश की राजधानी में प्राग शहर के वेंसस्लास स्क्वायर में हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। उन्होंने मुद्रास्फीति और यूक्रेन में संघर्ष पर सरकार की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया। सितंबर के बाद से चेकिया फर्स्ट नाम से यह तीसरा ऐसा विरोध प्रदर्शन है। रैली में जाने वाले लोग यूक्रेन में संघर्ष पर अपनी सरकार की स्थिति के बारे में परेशान थे।

आयोजकों ने रूस के खिलाफ आगामी प्रतिबंधों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो वे कहते हैं कि अनजाने में चेक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं और व्यवसायों और श्रमिकों को धमका रहे हैं।

देश के दूसरे सबसे बड़े शहर ब्रनो में, इसी तरह के प्रदर्शन में लगभग 2,000 लोग थे।

# 34 लाख केंद्रीय कर्मियों को इलाज में नहीं होगी दिक्कत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना यानी सीजीएचएस कार्ड धारकों को इलाज में अब दिक्कत नहीं आएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, कर्मियों और पेंशनरों के बढ़े हुए वेतनमानों के तहत इलाज के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। विभिन्न अस्पतालों में कर्मियों को उनकी बेसिक सेलरी के अनुसार, सामान्य, सेमी-प्राइवेट या प्राइवेट वार्ड की सुविधा मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के ईएचएस सेक्शन द्वारा 28 अक्तूबर को जारी निर्देशों के अनुसार, सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत जिन कर्मियों का वेतन बढ़ा है, अस्पतालों में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं मेंभी अब इजाफा किया जा रहा है। जिन कार्मिकों की बेसिक सेलरी 36500 रुपये है, वे सामान्य वार्ड के लिए हकदार होंगे। ऐसे कार्मिक, जिन्हें 36501 रुपये मूल वेतन मिलता है, वे अस्पताल के सेमी-प्राइवेट वार्ड के हकदार होंगे। इन दो श्रेणियों के अलावा एक तीसरी श्रेणीभी रखी गई है। इसमें वे कार्मिक शामिल हैं, जिनका मूल वेतन 50500 से ज्यादा है, उन्हें प्राइवेट वार्ड मुहैया कराया जाएगा।

सीजीएचएस योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को अस्पताल में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती है। कर्मियों को अस्पताल का बिल या फिर महंगी दवा, इसके लिए अपनी जेब से खर्च नहीं करना पड़ता। मौजूदा समय में देशभर के लगभग 72 शहरों में यह सुविधा उपलब्ध है। इस योजना का लाभ केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों कोभी मिलता है। कार्ड धारक व्यक्ति किसीभी सीजीएचएस सेंटर-सूचीबद्ध अस्पताल में कैशलेस इलाज प्राप्त कर सकता है। कोईभी अस्पताल, आपात स्थिति में किसी सीजीएचएस लाभार्थी को प्रवेश देने से इनकार नहीं कर सकता। गैर-सूचीबद्ध अस्पतालों या डायग्नोस्टिक सेंटर पर उपचार होता है, तो उसके लिए रीइंबर्समेंट प्राप्त करने की टूट दी गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर सूचीबद्ध अस्पतालों द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जांच पड़ताल की जाती है। सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची हर साल अपडेट होती रहती है। अगर कोई सूचीबद्ध अस्पताल, केंद्र सरकार के नियमों का उल्लंघन करता है, कार्ड धारक के इलाज में ना-नुकर करता है या इलाज और जांच के लिए पैसे मांगता है, ऐसी शिकायतों के मामले में अस्पतालों पर कार्रवाई की जाती है। ऐसे अस्पतालों को सीजीएचएस सूचीबद्ध अस्पतालों की लिस्ट से बाहर कर दिया जाता है।

## हेमन्त सोरेन ने छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी

**रांची ,(एजेंसी)**। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी है। सोरेन ने आज यह कहा कि भगवान भास्कर और छठी मईया की पा आप सभी पर बनी रहे, यही कामना करता हूँ।

इस बीच झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा पर राज्य की समस्त जनता को बधाई देते हुए कहा कि सूर्य की उपासना दुनिया के अनेक प्राचीन संसतियों में भिन्न-भिन्न रूपों में होती है तथा भारत में भी सूर्यदेव की पूजा की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है।

ठाकुर ने कहा कि झारखंड सहित देश के अनेक स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है।

## यूक्रेन ने ईरान से की रूस को हथियार आपूर्ति रोकने की मांग

**कीव ,एजेंसी**। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीरबदोल्लाहियन से रूस को हथियारों की आपूर्ति रोकने का अनुरोध किया है।

यूक्रेन और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने ईरान पर रूस को कथित तौर पर श्कामिकेज ड्रोन उपलब्ध कराने का आरोप लगाया है, जिसका इस्तेमाल रूसी सेना ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को तहस नहस करने में किया।

ईरान ने हालांकि आरोप का खंडन करते हुये यह सफाई दी कि उसने रूस को ड्रोन समेत कोई हथियार नहीं भेजा है।

कुलेबा ने देर रात एक ट्वीट में कहा, आज मुझे ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का फोन आया। मैंने ईरान से यूक्रेनी नागरिकों को मारने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों की आपूर्ति तुरंत रोकने की मांग की।

रूस ने हाल के हफ्तों में यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले एक बार फिर तेज कर दिये है। ताजा हमलों से यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है और कीव समेत देश के अन्य शहरों और कस्बों को अभूतपूर्व बिजली कटौती का सामना करना पड रहा है।

यूक्रेन का आरोप है कि रूस ने हमलों में ईरान में निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया है, जो अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना साध कर विस्फोट करने में सक्षम हैं।

श्री अमीरबदोल्लाहियन ने रूस को यूक्रेन में इस्तेमाल के लिए ड्रोन मुहैया कराने के आरोपों को खारिज किया है।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, अतीत में हमने रूस से हथियार लिए हैं और उसे हथियार भी दिए हैं, लेकिन यूक्रेन युद्ध के दौरान हथियारों का आदान प्रदान नहीं हुआ।

## विस्फोटक बरामद होने के बाद जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर तलाशी का काम जारी

**जम्मू ,(एजेंसी)**। जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के टैक्सी स्टैंड के पास परिसर में विस्फोटक मिलने के एक दिन बाद जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के परिसर के भीतर और बाहर तलाशी अभियान चलाया गया।

सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी जेके पुलिस) की टीमों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ डग स्चड ६ बीडी टीम के साथ पार्किंग क्षेत्रों की तलाशी ली और असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी शरारत को रोकने के लिए पटरियों पर गश्त भी की।पुलिस उपाधीक्षक अलबीना मलिक, एसडीपीओ रेलवे जम्मू ने कहा, नियमित तलाशी के अलावा, विस्फोटक सामग्री की बरामद्गी के कारण खतरे की धारणा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर और बेहतर तलाशी अभियान चलाया गया।

उन्होंने कहा कि रेलवे पुलिस और त्वरित कार्यबल के जवानों के अतिरिक्त तोडफोड़ रोधी मशीनरी और खोजी कुत्तों को भी सेवा में लगाया गया है, जबकि किसी भी वाहन और आगंतुक को सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर बिना जांच के नहीं छोड़ा गया है। इसके अलावा, जीआरपी ६ आरपीएफ के जवान नागरिक गतिविधियों में भी हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। और नियंत्रण कक्ष में एक विशेष टीम सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे सभी गतिविधियों की निगरानी कर रही है, उन्होंने आगे कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान पहले से ही तैनात सुरक्षा तैनाती को बढ़ा दिया गयी है।

# दिल्ली के उपराज्यपाल से मिले सिसोदिया, दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को जारी रखने की मांग

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)**। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके. सक्सेना से श्दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को जारी रखने की मांग की। उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा- मैंने विनम्रतापूर्वक उपराज्यपाल से योग कक्षाओं को न रोकने का अनुरोध किया है, क्योंकि योग करने वाले अधिकांश 17,000 लोग कोविड की बीमारियों से प्रभावित हैं, और उन्हें स्वस्थ रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने मुझसे कहा है कि वह फाइल का अवलोकन करेंगे और मुझे आश्वासन दिया है कि कुछ भी गलत नहीं होगा।

सिसोदिया ने कहा रू मैंने उपराज्यपाल से विस्तार से बात की है कि दिल्ली की योगशाला पहल कितनी अच्छी तरह से पूरे दिल्ली में चल रही है, और यह हमारे नागरिकों के लिए वास्तव में फायदेमंद साबित होगी। दिल्ली के कम से कम 17,000 आम नागरिक, जिनके पास योग प्रशिक्षक को किराए पर लेने की वित्तीय क्षमता नहीं है और वे कल्पना भी नहीं कर सकते कि वे ऐसा करने में सक्षम होंगे, उन्हें पूरी तरह से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों तक पहुंच प्रदान की जा रही है- जो नागरिकों के आस-पास के विभिन्न पार्कों में जाते हैं और प्रतिदिन अपनी योग कक्षाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सरकारी अधिकारियों को धमकाकर और धमकाकर पहल को रोकने की साजिश रची है और ऐसा करके उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि अधिकारी फाइलों का गलत मसौदा तैयार करें। उपमुख्यमंत्री मे कहा- मैंने उपराज्यपाल से यह कहते हुए अनुरोध किया है कि राजनीतिक मतभेदों का अपना समय और स्थान होता है, लेकिन प्रतिदिन योग करने वाले 17,000 लोगों में से अधिकांश नागरिक हैं जो कोविड के बाद की बीमारियों से प्रभावित हैं। उन्हें स्वस्थ रखना सरकार की जिम्मेदारी है। यह बहुत ही विकट स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री दिल्ली के लोगों को योग करने के लिए योग प्रशिक्षक प्रदान करते हैं और दूसरी तरफ अधिकारियों को धमकाकर योजना चलाने से रोक दिया जाता है।

सिसोदिया ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा को लोगों या योग से कोई सरोकार नहीं है। बीजेपी इस पहल को इसलिए रोक रही है क्योंकि सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसकी शुरूआत की है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल श्दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम शुरू किया था जिसके तहत योग प्रशिक्षक दिल्ली के निवासियों को मुफ्त में पढ़ाते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षित प्रशिक्षक लोगों को योग सिखाते हैं।

## वैन और कार में जबरदस्त भिड़ंत, दो घंटे पहले जन्मे नवजात समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत

**बूंदी ,(एजेंसी)**। राजस्थान के बूंदी जिले में एनएच-52 पर ब्रेजा कार और मारुति वैन की भिड़ंत में एक परिवार के 3 सदस्यों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक 2 घंटे का नवजात भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक उमर गांव की रेखा बाई (24) की डिलीवरी हुई थी। उसे बच्चा हुआ था। ससुराल पक्ष के लोग उसकी काकी सास नंदू देवी (58) निवासी चांदा दंड जिला भीलवाड़ा, उसका पति हंसराज एक वैन में सवार होकर गांव ले जा रहे थे।

इसी दौरान देवा खेड़ा के पास बूंदी से जयपुर की ओर तेज गति से जा रही कार ने वैन को टक्कर मार दी। इससे वेन के परखच्चे उड़ गए।

## छठ का प्रसाद बनाते वक्त फटा गैस सिलेंडर, 7 पुलिस जवान समेत 30 लोग जले

**औरंगाबाद ,(एजेंसी)**। बिहार के औरंगाबाद में बड़ा हादसा होने की खबर है। बताया जा रहा है कि छठ पूजा के दौरान एक घर में आग लगने से गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में 30 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें कई लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम के 7 जवान भी आग बुझाने के क्रम में झुलस गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दरअसल, यह घटना औरंगाबाद के शाहगंज मुहल्ले की है, जहां अनिल गोस्वामी के घर महिलाएं छठ का प्रसाद बना रही थीं।

## स्कूल बंक कर 120 किमी दूर घूमने गई 3 नाबालिग सहेलियों ने खाया जहर, 2 की मौत

**इंदौर ,(एजेंसी)**। स्कूल बंक करके इंदौर में घुमने आई आष्टा शहर की 3 नाबालिग सहेलियों ने जहर खा लिया जिसमें दो लड़कियों की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इंदौर के एडीसीपी प्रशांत चौबे ने बयाया कि यहां जहर खाने से दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई, जबकि एक बाल-बाल बच गई। ये लोग सीहोर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इसमें एक लड़की ने पारिवारिक संबंधों में खटास के चलते जहर खा लिया, जबकि दूसरी ने दोस्ती की वजह से जहर खा लिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।पुलिस ने बताया कि घटना के बाद तीनों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां देर शाम दो की मौत हो गई। तीसरी नाबालिग लड़की का इलाज चल रहा है। घटना के वक्त तीनों रीजनल पार्क रोड पर घूम रही थीं। पुलिस के अनुसार उन्हें अस्पताल से युवतियों के जहर खाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जहर खाने की वजह की जांच शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसमें से एक किशोरी ने पारिवारिक विवाद के कारण जहर खाया, जबकि दूसरी ने युवक से दोस्ती के चक्कर में जहर खाया। वहीं तीसरी के जहर खाने की वजह पता नहीं चल सकी है। उन्होंने बताया कि पहले यह जानकारी मिली थी कि तीनों ने रीजनल पार्क में जहर खाया था। लेकिन यहां के कर्मचारियों ने बताया कि पार्क में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई।

# नई महिलाओं पर गिद्धों की तरह नजरें, नेवी की पनडुब्बियों पर यौन उत्पीड़न से हड़कंप



**लंदन, एजेंसी।** रयल नेवी में शामिल पनडुब्बियों पर तैनात महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट से ब्रिटेन में हंगामा खड़ा हो गया है। आरोप है कि पनडुब्बियों पर काम करने वाली महिला कर्मचारियों को डराया धमकाया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया। आनन-फानन में रयल नेवी के प्रमुख एडमिरल बेन की ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पूर्व नौसेना लेफ्टिनेंट ने पनडुब्बियों पर महिला कर्मियों के यौन उत्पीड़न का दावा किया है।

ब्रिटेन की रयल नेवी के प्रमुख एडमिरल बेन की ने कहा कि वह इन आरोपों से बहुत ही आहत हैं कि पनडुब्बियों पर काम करने वाली महिला कर्मचारियों को डराया धमकाया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया। डेली मेल अखबार ने शनिवार को पूर्व नौसेना लेफ्टिनेंट सोफी ब्रूक के उन दावों को प्रकाशित किया है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उन्हें यौन उत्पीड़न के एक निरंतर दौरश के साथ-साथ शारीरिक उत्पीड़न काभी सामना करना पड़ा।

अखबार ने उनके हवाले से प्रकाशित किया है कि पनडुब्बियों पर जबभी कोई नई महिला आती है तो चालक दल के पुरुष सदस्य श्गिद्धों की तरहश नजरें गड़ाए होते हैं। तीस साल के ब्रूक ने इस साल की शुरुआत में रयल नेवी छोड़ दी थी और बाद में उन्हें अपनी पनडुब्बी की आवाजाही के बारे में एक ईमेल संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में जेल की निलंबित सजा सुनाई गई थी।

अखबार ने नौसेना के एक अन्य गुमनाम व्हिसलब्लोअर के हवाले से कहा कि महिलाओं को पनडुब्बियों में यौन संबंध बनाने के लिए लगातार परेशान किया जाता था। रयल नेवी के पूर्णकालिक कर्मियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत हैं और 2011 से पनडुब्बियों पर सेवा करने के लिए पात्र हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा, श्ये आरोप घृणित हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा, श्यौन हमले और उत्पीड़न का रयल नेवी में कोई स्थान नहीं है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नौसेना प्रमुख ने कहा, मैंने अपनी वरिष्ठ टीम को इन आरोपों की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। जो कोईभी दोषी पाया जाएगा, उसकी रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने इन आरोपों पर टिप्पणी नहीं की है।

# अटूट आस्था का केंद्र है देव का त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर

**औरंगाबाद ,(एजेंसी)**। बिहार में औरंगाबाद जिले के देव स्थित ऐतिहासिक त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर देशी-विदेशी पर्यटकों,श्रद्घालुओं और छठव्रतियों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है।

भगवान भास्कर का त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर सदियों से लोगों को मनोवांछित फल देने वाला पवित्र धर्मस्थल रहा है। यूं तो सालों भर देश के विभिन्न जगहों से लोग यहां पधारकर मनौतियां मांगने और सूर्यदेव द्वारा उनकी पूर्ति होने पर अर्घ्य देने आते हैं लेकिन लोगों का विश्वास है कि कार्तिक एवं चौती छठ व्रत के पुनीत अवसर पर सूर्य देव की साक्षात उपस्थिति की रोमांचक अनुभूति होती है।

देव स्थित भगवान भास्कर का विशाल सूर्य मंदिर अपने अप्रतिम सौंदर्य और शिल्प के कारण सदियों श्रद्घालुओं, वैज्ञानिकों, मूर्तिचोरों व तस्करों एवं आमजनों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मंदिर की अभूतपूर्व स्थापत्य कला, शिल्प, कलात्मक भव्यता और धार्मिक महत्ता के कारण ही जनमानस में यह किंवदंति प्रसिद्घ है कि इसका निर्माण देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने स्वयं अपने हाथों से किया है। काले और भूरे पत्थरों की अति सुंदर ति जिसतरह उड़ीसा प्रदेश के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का शिल्प है, ठीक उसी से मिलता-जुलता शिल्प देव के प्राचीन सूर्य मंदिर का भी है।

मंदिर के निर्माणकाल के संबंध में उसके बाहर ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण एवं संस्त में अनुवादित एक श्लोक जड़ा है, जिसके अनुसार 12 लाख16 हजार वर्ष त्रेता युग के बीत जाने के बाद इलापुत्र पुरूरवा ऐल ने देव सूर्य मंदिर का निर्माण आरंभ करवाया। शिलालेख से पता चलता है कि वर्ष2014 में इस पौराणिक मंदिर के निर्माण काल का एक लाख पचास हजार चौदह वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।देव मंदिर में सात रथों से सूर्य की उत्कीर्ण प्रस्तर मूर्तियां अपने तीनों रूपों- उदयाचल-प्रातरू सूर्य, मयाचल- मय सूर्य और अस्ताचल -अस्त सूर्य के रूप में विद्यमान है। पूरे देश में देव का मंदिर ही एकमात्र ऐसा सूर्य मंदिर है जो पूर्वाभिमुख न होकर पश्चिमाभिमुख है। करीब एक सौ फुट ऊंचा यह सूर्य मंदिर स्थापत्य और वास्तुकला का अदभूत उदाहरण है। बिना सीमेंट अथवा चूना-गारा का प्रयोग किये आयताकार, वर्गाकार, अर्द्धवृत्ताकार, गोलाकार, त्रिभुजाकार कई रूपों और आकारों में काटे गये पत्थरों को जोड़कर बनाया गया यह मंदिर अत्यंत आकर्षक व विस्मयकारी है।

सूर्य पुराण से सर्वाधिक प्रचारित जनश्रुति के अनुसार ऐल एक राजा थे, जो किसी ।षि के शापवश श्वेत कुष्ठ से पीडिघ्त थे। वे एक बार शिकार करने देव के वनप्रांत में पहुंचने के बाद राह भटक गये। राह भटकते भूखे-प्यासे राजा को एक छोटा सा सरोवर दिखायी पड़ा, जिसके किनारे वे पानी पीने गये और अंजुरी में भरकर पानी पिया। पानी पीने के क्रम में वे यह देखकर घोर आश्चर्य में पड़ गये कि उनके शरीर के जिन जगहों पर पानी का स्पर्श हुआ उन जगहों के श्वेत कुष्ठ के दाग जाते रहे। इससे अति प्रसन्न और आश्चर्यचकित राजा अपने वस्त्रों की परवाह नहीं करते हुए सरोवर के गंदे पानी में लेट गये और इससे उनका श्वेत कुष्ठ पूरी तरह जाता रहा। अपने शरीर में आश्चर्यजनक परिवर्तन देख प्रसन्नचित राजा ऐल ने इसी वन प्रांतर में रात्रि विश्राम करने का निर्णय लिया और रात्रि में राजा को स्वप्न आया कि उसी सरोवर में भगवान भास्कर की प्रतिमा दबी पड़ी है। प्रतिमा को निकालकर वहीं मंदिर बनवाने और उसमें प्रतिष्ठित करने का निर्देश उन्हें स्वप्न में प्राप्त हुआ।कहा जाता है कि राजा ऐल ने इसी निर्देश के मुताबिक सरोवर से दबी मूर्ति को निकालकर मंदिर में स्थापित कराने का काम किया और सूर्य कुण्ड का निर्माण कराया लेकिन मंदिर यथावत रहने के बावजूद उस मूर्ति का आज तक पता नहीं है।

## कीमतों में भारी गिरावट से किसान परेशान, गरीबों में फ्री बांट रहे लहसुन

**गांधीनगर ,(एजेंसी)**। खुले बाजार के साथ-साथ ऋषि उत्पादक बाजार समिति (एपीएमसी) में लहसुन की कीमतों में तेज गिरावट से परेशान किसान अपनी उपज गरीबों में मुफ्त में बांट रहे हैं। गुजरात किसान संगठन शनिवार को गांधीनगर में 4000 किलोग्राम लहसुन का वितरण करेगा।

गुजरात किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह जाला ने बताया कि प्रति एकड़ लहसुन की उत्पादन लागत 37,100 रुपये और प्रति एकड़ लहसुन की उपज 3000 किलो है। आज लहसुन का बाजार भाव 20 रुपये गिर गया है, जिसकी कीमत सिर्फ 150 रुपये है। किसान को एक एकड़ जमीन पर काटी गई फसल से मुश्किल से 2250 रुपये की कमाई हो रही है।उनकी शिकायत है कि किसानों को प्रति एकड़ 14,600 रुपये का घाटा हो रहा है। किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है कि राज्य और केंद्र सरकार बागवानी फसलों के लिए भी एमएसपी की घोषणा करती है। अफसोस की बात है कि जब बाजार की कीमतें गिर रही हैं, तब भी सरकारें मदद के लिए आगे नहीं बढ़ रही हैं।

# निराश हूं मगर हमारा ध्यान अगले मैच पर : बटलर



मेलबर्न , आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप टी-20 मैच के रद्द होने से इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को निराशा है मगर अब उनका पूरा ध्यान श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दो मुकाबलों पर है।

बारिश के चलते मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर गीली आउटफील्ड के कारण इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच बहुप्रतीक्षित मैच बगैर बाल फेंके रद्द कर दिया गया। अंपायर क्रिस ब्राउन, जोएल विल्सन और अलीम डार ने भारी बारिश के बाद आखिरी बार स्थानीय समयानुसार आठ बजकर 48 मिनट पर आउटफील्ड का निरीक्षण किया और मैच को रद्द करने की घोषणा की।

बटलर ने कहा, मुझे लगता है कि गीली आउटफील्ड के कारण वहां गेंदबाजी करने वाले हर गेंदबाज को चिंता होती। खिलाड़ियों की सुरक्षा वास्तव में महत्वपूर्ण है और यह खेलने के लिए फिट नहीं था चाहे वह हमारे गेंदबाज हों या ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज। मुझे लगता है कि सही कॉल किया गया था।

मैच के धुलने से इंग्लैंड की चिंतायें निश्चित तौर पर बढी है। उसे तीन मैचों में सिर्फ एक जीत मिली है और खुद को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये उसे दो में से दो जीत की जरूरत होगी। आयरलैंड के खिलाफ वर्षा बाधित मैच में हार मिलने के बाद आज का मैच रद्द होने से इंग्लैंड की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। इंग्लैंड के खाते में अब तक एकमात्र जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में आयी है। अब उसे एक नवंबर को न्यूजीलैंड और पांच नवंबर को श्रीलंका से भिडना होगा। हालांकि तीन अंकों के साथ फिलहाल इंग्लैंड अंकतालिका में दूसरी पायदान पर काबिज है।

बटलर ने कहा मुझे वास्तव में कोई निराशा नहीं है। मैं ऑस्ट्रेलिया में मौसम विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन हम सभी क्रिकेट का पूरा खेल खेलना चाहते हैं लेकिन दुर्भाग्य से अब हमारे पास सिर्फ दो मौके बचे हैं। आज खेलने के लिए कोई दबाव नहीं था मगर वास्तव में परिस्थितियां खेल के अनुकूल नहीं थीं।गौरतलब है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में बारिश की संभावना प्रबल थी मगर खेल के दौरान बारिश ने कोई खलल नही डाली। पूरे दिन रुक-रुक कर होने वाली बारिश से हालांकि मैदान पर 37,565 प्रशंसक दिखाई दिए मगर अनौपचारिक अनुमानों के अनुसार यदि मौसम अनुकूल होता तो 60,000 तक की भीड़ संभव होती।बटलर ने कहा कि उन्हें प्रशंसकों के प्रति सहानुभूति है, उन्होंने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड बिना गेंद फेंके ड्रॉ लेने के बजाय खेल खेलना पसंद करता चाहे परिणाम जो भी हो। उन्होने कहा सभी प्रशंसक जो इस खेल को लाइव देखने आए थे, और हर कोई टीवी पर देखना चाहता है, यह उनके लिए निराशाजनक है।

# बीजद विधायक प्रणव प्रकाश दास चुने गए ओसीए अध्यक्ष



भुवनेश्वर ,सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के जाजपुर विधायक एवं आयोजन सचिव प्रणव प्रकाश दास को ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया।ओसीए के चुनाव अधिकारी एमएल मजूमदार ने कटक में आयोजित वार्षिक आम बैठक में ओसीए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।श्री दास के साथ पांच अन्य अधिकृत प्रतिनिधियों को शनिवार (28 अक्टूबर, 2022) से तीन साल की अवधि के लिए एक पूर्ण कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। श्री दास जाजपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।श्री दास के अलावा अन्य चार पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के एक सदस्य को निर्विरोध चुन लिया गया। इनमें शीर्ष पदों पर पंकज लोचन मोहंती (उपाध्यक्ष, कटक जिला), संजय बेहरा (सचिव, राइजिंग स्टूडेंट्स क्लब), प्रभात कुमार भोल (संयुक्त सचिव, सुंदरगढ़ जिला), विकास प्रधान (कोषाध्यक्ष, खोरधा जिला) और प्रताप चंद्र प्रधान (शीर्ष परिषद सदस्य, अंगुल जिला) को चुना गया।ओसीए सचिव संजय बेहरा ने कहा कि निकट भविष्य में ओसीए घरेलू क्रिकेट पर ज्यादा जोर देगा और जिला क्रिकेट अकादमियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

## लखनऊ ने जीती वीनू मांकड अंडर-17 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता

लखनऊ, वंश खुराना और सजल (दो-दो विकेट) की गेंदबाजी के बाद कौस्तुभ (23) व लक्ष्य (17) की उम्दा पारी की मदद से लखनऊने रायबरेली को सात विकेट से हराकर मंडलीय वीनू मांकड अंडर-17 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।

उत्तर रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में रायबरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए।

अनुभव ने सर्वाधिक 21 रन बनाए। उनके बाद सिद्धार्थ त्रिपाठी (नाबाद 11) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। लखनऊ से वंश खुराना व सजल को दो-दो विकेट की सफलता मिली। लक्ष्य को एक विकेट मिला।

जवाब में लखनऊने 9.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाकर मैच जीत लिया। लखनऊकी जीत में कौस्तुभ ने 23 और लक्ष्य ने 17 रन का योगदान किया। रायबरेली से अब्बास को दो विकेट और आरपी सिंह को एक विकेट की सफलता मिली।

# मेदवेदेव और दिमीट्रोव वियना ओपन के सेमीफाइनल में



वियना ,रूस के डेनिल मेदवेदेव और बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमीट्रोव ने वियना ओपन के चर्टर फाइनल में अपने प्रतिद्वंदियों को हरा कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया जिसके बाद विश्व के नम्बर चार और नम्बर तीन खिलाड़ियों के बीच शनिवार को फाइनल में प्रवेश के लिये रोमांचक भिड़ंत तय हो गयी है।मेदवेदेव ने हमवतन चौथी वरीयता प्राप्त जननिक सिनर को 6-4,6-2 से हरा कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। सिनर ने पहले सेट में संघर्ष किया मगर दूसरे सेट में उनके चेहरे पर थकान साफ दिखी जिसका भरपूर फायदा उठाते हुये अनुभवी मेदवेदेव ने उन्हे उबरने का मौका नहीं दिया। इससे पहले मास्को में जन्मे 26 वर्षीय मेदवेदेव ने गुरूवार को मेजबान देश के डोमिनिक थिएम को कड़े मुकाबले में 6-3,6-3 से हरा कर चर्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

इससे पहले आज खेले गये एक अन्य मैच में ग्रिगोर दिमीट्रोव ने मैराथन मुकाबले में एक गिरान को 6-3,4-6,6-4 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

सेमीफाइनल के दो अन्य खिलाडियों का फैसला आज देर रात होने वाले मैच में हो जायेगा।

## मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मुकाबले का गवाह बनेगा कोलकाता

कोलकाता ,। कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में आज रोमांच चरम पर होगा जब हजारों फुटबाल प्रेमी चिर प्रतिद्वंदी एटीके मोहन बागान एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच मुकाबले के गवाह बनेंगे।

एटीके मोहन बागान लम्बे विश्राम के बाद इस मुकाबले में उतरेगा। ईस्ट बंगाल ने गुवाहाटी में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ 3-1 से शानदार जीत हासिल की थी, जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। दूसरी ओर मोहन बागान ने हीरो आईएसएल में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हमेशा दो या दो से अधिक गोल किए हैं, और चार मैचों में सिर्फ दो गोल खाए हैं। ईस्ट बंगाल एफसी ने पिछले हफ्ते हाईलैंडर्स के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

# आईसीसी टी20 विश्व कप : जिम्बाब्वे से हारने के बाद पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने टीम प्रबंधन की खिंचाई की



नई दिल्ली , आईसीसी टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ पाकिस्तान की शर्मनाक हार के बाद देश के पूर्व क्रिकेटरों ने खराब प्रदर्शन के लिए टीम प्रबंधन, पीसीबी अध्यक्ष को फटकार लगाई और चयनकर्ताओं से ऑस्ट्रेलिया में मेगा इवेंट के लिए खिलाड़ियों की पसंद पर भी सवाल उठाया। एक उत्साही जिम्बाब्वे टीम ने गुरुवार को पर्थ स्टेडियम में खेले गए रोमांचक आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 सुपर 12 मैच में पाकिस्तान को एक रन से हरा दिया।यह पाकिस्तान की दो मैचों में दूसरी हार थी और सेमीफाइनल में उसकी राह अब मुश्किल हो गई है। वे इससे पहले रविवार को अपने अभियान के पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से हार गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम की खिंचाई की।आमिर ने ट्विटर पर लिखा, मैं पहले दिन से कहता रहा हूं कि खराब चयन किया, अब हार की जिम्मेदारी कौन लेगा? मुझे लगता है कि यह तथाकथित अध्यक्ष जो पीसीबी का खुदा बना हुआ है और तथाकथित मुख्य चयनकर्ता से छुटकारा पाने का समय है। इस बीच, शोएब अख्तर ने कप्तान बाबर आजम से लेकर पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा तक पूरे सेटअप को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, मैं बार-बार कह रहा हूं, ये सलामी बल्लेबाज, मध्य क्रम हमारे लिए इस स्तर पर सफलता पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। मैं क्या कह सकता हूं?

## फिल्मी गपशप

# सनी लियोनी ने सीखी सांकेतिक भाषा



अभिनेत्री सनी लियोनी के लिए विष्णु मांचू अभिनीत फिल्म गिन्ना में काम करना काफी मुश्किल था। भाषा से अपरिचित होने के अलावा, वह फिल्म में एक मूक-बधिर महिला का किरदार निभाती हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने हिस्से को प्रमाणिकता देने के लिए बहुत मेहनत की और इसे स्क्रीन पर विकलांगों के कैरिक्युरिस्ट चित्रण की तरह नहीं दिखाया। चरित्र का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण सनी के लिए प्रमुख महत्व का था। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले, उन्होंने एक अभिनय कोच के साथ कुछ हफ्तों के लिए सांकेतिक भाषाओं में प्रशिक्षण लिया।

अपनी प्रक्रिया का खुलासा करते हुए, सनी ने कहा, मेरे कोच और मैं बैठ गए और चरित्र के ग्राफ पर स्टोरीबोर्ड किया। निर्देशक और लेखक के साथ, हमने बैकस्टोरी को समझने की कोशिश की। फिर स्क्रीन पर एक वास्तविक-से-वास्तविक चित्रण लाने की असली चुनौती। मेरी कोच ने मेरी समझ के लिए कई पठन सामग्री और वीडियो प्रदान करके मेरी मदद की।

इसने न केवल उन्हें चरित्र के मानस को बेहतर ढंग से तोडने में मदद की, बल्कि उन लोगों के दिमाग में भी झांका, जिनके पास आवाज और शब्दों की विलासिता नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, रिहर्सल महत्वपूर्ण थी। इसलिए हर महत्वपूर्ण ध्श्य से पहले, मैंने एक घंटे के लिए पूर्वाभ्यास किया। आंखों के माध्यम से व्यक्त करना चरित्र को श्रेष्ठ बनाने का एक प्रमुख पहलू था। मैंने सांकेतिक भाषा भी सीखी जो कि चरित्र को और अधिक निखारने के लिए महत्वपूर्ण थी। मैं वेंकट कोना को भी धन्यवाद देना चाहती हूं जिसके बिना यह संभव नहीं था।

अभिनेत्री ने पिछले हफ्ते गोवा में स्प्लिट्सविला की शूटिंग पूरी की।

## अमिताभ बच्चन, शाहरुख, ऐश्वर्या-स्टारर मोहब्बतें के 22 साल हुए पूरे

अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय बच्चन की रोमांटिक ड्रामा मोहब्बतें, जिसने प्यार की अवधारणा को फिर से परिभाषित किया, ने हिंदी सिनेमा में 22 साल पूरे कर लिए हैं।प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स ने फिल्म के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा किया और कैप्शन दिया, 22 साल पहले जब मिस्टर राज आर्यन मल्होत्रा आए और हमें प्यार कैसे होता है सिखाया। आज मोहब्बतें फिल्म के 22 साल पूरे हो गए।मोहब्बतें 2000 में रिलीज हुई थी और इसे आदित्य चोपड़ा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में उदय चोपड़ा, शमिता शेट्टी, जुगल हंसराज, किम शर्मा, जिमी शेरगिल और प्रीति झंगियानी भी हैं।यह गुरुकुल कॉलेज के सख्त प्रिंसिपल नारायण की कहानी बताती है, जिसकी बेटी मेघा कॉलेज में एक संगीत शिक्षक राज के साथ उसके संबंधों का विरोध करने के बाद आत्महत्या कर लेती है।

# झलक दिखला जा में चोट के बाद वापस लौटीं रुबीना



टेलीविजन स्टार रुबीना दिलैक अपनी गर्दन की चोट लगने के बाद अब ठीक हो चुकी हैं, और अब जल्द ही डांस आधारित रियलिटी शो झलक दिखला जा में प्रस्तुति देती नजर आएंगी, यह जानकारी उनके कोरियोग्राफर सनम जौहर ने दी है।

यह सप्ताह दो टीमों, माधुरी की रॉकस्टार और करण के जौहर के बीच युद्ध को चिह्नित करता है।

इससे पहले, रुबीना ने कोरियोग्राफर-अभिनेता सनम जौहर के साथ अपने डांस रिहर्सल के दौरान गर्दन में गंभीर चोट लगने का एक वीडियो साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया था।

लेकिन सूत्रों के मुताबिक इस हफ्ते इस पावर जोड़ी ने अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया। इस सप्ताह की थीम अंतरराष्ट्रीय नृत्य शैली है। रुबीना और सनम माधुरी के रॉकस्टार का हिस्सा थे।सनम ने साझा किया, रुबीना घायल हो गई थी, लेकिन वह अब ठीक है और कुछ ही समय में वापस आ गई और आप हमारे प्रदर्शन में देखेंगे कि यह अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

हम प्रदर्शन करने वाले अंतिम लोगों में से एक थे इसलिए हमने आधी रात के करीब अपना अभिनय किया लेकिन आप नहीं बता सकते।

# पोन्नियिन सेलवन : 1 से प्रेरित कैटरीना कैफ साउथ फिल्में करने के लिए तैयार



कैटरीना कैफ, जो फिलहाल अपनी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म फोन भूत की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, उन्होंने कहा कि वह साउथ फिल्में करना चाहेंगी। एक्ट्रेस ने साउथ में कुछ फिल्में की हैं, जिसमें तेलुगु फिल्म मल्लीस्वरी और अल्लारी पिडुगु और मलयालम फिल्म बलराम बनाम थरदास शामिल है।

अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए, कैटरीना ने कहा, अगर कभी कोई शानदार स्क्रिप्ट होती है, जिसमें एक मजबूत किरदार हो, तो भाषा मेरे लिए कोई बाधा नहीं होगी। हमारे पास दक्षिण भारत में काम करने वाले कुछ असाधारण निर्देशक हैं।

उन्होंने मणिरत्नम और उनकी हालिया रिलीज पोन्नियिन सेलवनः 1 की जमकर तारीफ की। एक्ट्रेस ने कहा, सबसे अच्छा और ताजा उदाहरण मणिरत्नम सर की पोन्नियिन सेलवनः 1 है, जो अद्भुत फिल्म है। इसमें सुंदर फ्रेम और म्यूजिक है। इतने बड़े पैमाने पर फिल्म बनान एक प्रतिष्ठित निर्देशक की योग्यता साबित करता है।

विक्की कौशल के साथ शादी के बाद कैटरीना की पहली फिल्म फोन भूत में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर भी हैं।

# द जर्नी ऑफ इंडिया में भारतीय सिनेमा के अतीत में ले जाएंगी काजोल



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल हाइब्रिड शो द जर्नी ऑफ इंडिया के आगामी एपिसोड में दर्शकों को बॉलीवुड की आकर्षक विरासत की पृष्ठभूमि में ले जाती नजर आएंगी। प्रशंसित भारतीय निर्देशकों और अभिनेताओं की नजर में, यह एपिसोड दर्शकों को भारतीय सिनेमा की परंपरा का जश्न मनाने के लिए एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगा।

भारतीय सिनेमा का इतिहास एक सदी से भी अधिक पुराना है - 1913 में दादासाहेब फाल्के की राजा हरिश्चंद्र से, आलम आरा का पहला ड्रीम सीक्वेंस - विश्व मंच पर पुरस्कारों के लिए। आगामी एपिसोड के बारे में बात करते हुए, काजोल ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि सिनेमा मेरा पहला प्यार है। फिल्में एक कला रूप से अधिक हैं। यह भावना का एक रूप है - नवाचार के साथ जुनून व्यक्त करने का एक तरीका, विभिन्न क्षेत्रों में दर्शकों को एकजुट करने के लिए प्रेरित करना। शानदार कहानी कहने की छत्रछाया में। मैं एक ऐसी परियोजना का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जो फिल्मों की विरासत और संस्कृति को आकार देने में उनकी भूमिका का जश्न मनाती है। मुझे द जर्नी ऑफ इंडिया का हिस्सा बनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत का फिल्म उद्योग इस समय दुनिया में हर साल 2,000 से अधिक फिल्में बनाने वाला सबसे बड़ा उद्योग है। भारतीय फिल्में दुनिया भर में विभिन्न संस्कृतियों द्वारा देखी जाती हैं, और यह दुनिया की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रेरणा है।भारतीय सिनेमा की विरासत पर सीरीज की नवीनतम कड़ी का प्रीमियर 31 अक्टूबर को डिस्कवरी प्लस और डिस्कवरी के भारत में चैनलों के नेटवर्क पर 12 भाषाओं में होगा, जिनमें अंग्रेजी, बंगाली, हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, असमिया, उड़िया, मराठी, पंजाबी और गुजराती।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com